दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 118 | जयपुर | रविवार , 02 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

संक्षिप्त समाचार

## 34 ट्रेनी एसआई सेवा से बर्खास्त

### आरपीएससी के तत्कालीन सदस्य रामूराम राईका की बेटी और बेटे की सेवाएं समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा—2021 पेपर लीक मामले में गिरफ्तार हो चुके ट्रेनी एसआई को बर्खास्त करने की कार्रवाई में तेजी आई है। पहले 7 ट्रेनी एसआई को नौकरी से बाहर करने के बाद 25 और ट्रेनी एसआई बर्खास्त किए गए हैं। इनमें आरपीएससी के तत्कालीन सदस्य रामूराम राईका का बेटा व बेटी भी शामिल हैं।

राईका का बेटा देवेश राईका व बेटी शोभा राईका को जयपुर कमिश्नरेट आवंटित किया गया था। पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने इन दोनों के साथ मोनिका जाट, नीरज कुमार यादव व सुरेन्द्र कुमार बगड़िया को बर्खास्त करने के आदेश जारी किए।

उदयपुर रेंज आईजी राजेश मीना ने राजेश्वरी, मनोहर लाल गोदारा, विक्रमजीत बिश्नोई, दिनेश बिश्नोई और श्याम प्रताप सिंह को बर्खास्त किया। इसी तरह बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने मनीषा बेनीवाल, जयराज सिंह, अंकिता गोदारा, मनीषा सिहाग और जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा ने एकता, अविनाश पलसानिया, सुरजीत सिंह यादव, राकेश, विजेन्द्र कुमार को बर्खास्त किया। जोधपुर कमिश्नर राजेन्द्र सिंह ने श्रवण कुमार, इंदुबाला, भगवती और प्रमेसुखी को और अजमेर रेज आईजी ओमप्रकाश ने सुभाष बिश्नोई को बर्खास्त किया

## जयपुर में पुलिस कॉन्स्टेबल को कॉलर पकड़ धमकाया

### बोला- तू कौन होता है मुझे रोकने वाला, इसी जगह से अंदर जाऊंगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में पुलिस कॉन्स्टेबल को कॉलर पकड़कर धमकाने का मामला सामने आया है। बस्सी इलाके में गणेश मंदिर की कानून व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस कॉन्स्टेबल की ड्यूटी लगी हुई थी। प्रधान बताते हुए बाइक सवार ने धमकाया- तू कौन होता है मुझे रोकने वाला, इसी जगह से अंदर ले जाऊंगा। बस्सी थाने में पीड़ित पुलिस कॉन्स्टेबल ने राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया- बीकानेर के नोखा निवासी लखू सिंह (24) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात है। वर्तमान में लखू सिंह जयपुर कमिश्नरेट की रिजर्व पुलिस लाइन में है। बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन से ड्यूटी पर नई नाथ बासखोह में कानून व्यवस्था संभालने के लिए भेजा गया था। गणेश मोड पर ट्रैफिक पुलिस कॉन्स्टेबल रतिराम व तुंगा थानाधिकारी के साथ उसकी ड्यूटी लगी हुई थी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मंदिर में जाने के लिए टू-व्हीलर की एंट्री बंद कर दी गई थी। दोपहर करीब 12:50 बजे मंदिर के जाने के रास्ते में लोगों को समझा कर मंदिर के अंदर वाहन ले जाने से मना किया जा रहा था। इसी दौरान बाइक पर एक व्यक्ति आया, जिसने खुद को पंचायत समिति तुंगा का प्रधान राजेन्द्र सैनी बताया।

मुख्यमंत्री का भरतपुर दौरा

## आमजन की परिवेदनाओं को सुना, अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भरतपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री से जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सर्किट हाउस में आत्मीय मुलाकात की। संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आमजन ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में भरतपुर एवं डीग जिले को दी गई सौगातों के लिए शर्मा का आभार भी जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री से नन्हें जूडो कराते खिलाड़ियों ने मुलाकात कर प्रतियोगिता में जीते अपने मेडल्स दिखाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई भी की और संबंधित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेश सिंह, डॉ. ऋतु बनावत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, लघु उद्योग भारती, बृज हनी, ब्रह्माकुमारीज संस्था के सदस्य, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे। इससे पहले भरतपुर पहुंचने पर हैलीपेड पर मुख्यमंत्री शर्मा का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।





## खाटूश्याम बाबा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

### वीकेण्ड पर दर्शन के लिए जुटे भक्त, 10 हजार सुरक्षाकर्मी संभाल रहे व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** विश्वविख्यात बाबा खाटूश्याम के मेले का आज दूसरा दिन है। रविवार होने के चलते अब मेले में भीड़ बढ़ेगी। आज और कल यहां बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। आज शनिवार होने के चलते निशान लेकर आने वाले पदयात्रियों की संख्या भी काफी हो चुकी है। रींगस से खाटू तक निशान लिए हुए पदयात्री ही नजर आ रहे हैं। संभावना है कि आज दोपहर बाद भीड़ और ज्यादा बढ़ेगी। हालांकि, सुरक्षा की दृष्टि से तमाम व्यवस्थाएं की गई है। करीब 10 हजार सुरक्षाकर्मी पूरे मेले में तमाम व्यवस्था संभाले हुए हैं। मेले के पहले दिन प्रदेश के अलग-अलग जिलों में रीट भर्ती परीक्षा होने के चलते पुलिस जाब्ता खाटू नहीं पहुंचा था। लेकिन आज तमाम पुलिस फोर्स सहित सुरक्षा बल भी खाटू पहुंच चुके हैं।

### बाबा का फूलों से श्रृंगार

मेले में शनिवार को टाटा रोज,ऑर्किड जैसे फूलों से बाबा का श्रृंगार किया गया है। वहीं मेले में आने वाले श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश करने से पहले मंदिर परिसर के पास लगी श्रीकृष्ण के गीता का उपदेश देती झांकी,भगवान कृष्ण की रासलीला की कलाकृति देख रहे हैं। बता दें कि मेले में बाबा खाटूश्याम भक्तों को लगातार दर्शन देंगे। मतलब रात के समय भी मंदिर के पट बंद नहीं होंगे। हालांकि बाबा को भोग लगाने के दौरान और बाबा का श्रृंगार होने के वक्त केवल कुछ मिनट के लिए पर्दा हो सकता है। पूरे मेले में लगातार भक्तों को बाबा का दर्शन होगा।

## सीएम को जान से मारने की धमकी मामले में 4 अरेस्ट

### दौसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाई पुलिस, डेढ़ हजार में जेल में पहुंची थी सिम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मारने की धमकी भरे कॉल मामले में चारों आरोपियों को जयपुर पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर अरेस्ट किया है। सीएम को धमकी देने के मामले में पकड़े चारों आरोपी दौसा जेल में बंद थे। विधायकपुरी थाना पुलिस ने शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर चारों आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया है। एसएचओ (विधायकपुरी) बनवारी लाल मीना ने बताया- दौसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी रिंकू उर्फ रण्डवा (28) पुत्र पप्पूराम निवासी हरसौरा अलवर, शहजाद खान उर्फ साजिद (28) पुत्र सलीम खान निवासी उन्नाव उत्तर प्रदेश हाल संजय नगर-ई झोटवाड़ा, जयनारायण (32) पुत्र हरसहाय मीणा निवासी सदर दौसा और राकेश जोशी (45) पुत्र दुर्गाप्रसाद जोशी निवासी सदर दौसा को अरेस्ट किया गया है। दौसा जेल में रिंकू उर्फ रण्डवा और शहजाद खान उर्फ साजिद दोनों ही पोक्सो के मामले में बंद है। दौसा पुलिस ने सीएम को धमकी देने के मामले में शामिल चारों आरोपियों को अरेस्ट कर दौसा जेल भेज दिया था।

### 1500 रुपए में जेल में पहुंचाया सिमकार्ड

सात दिन पहले श्यालवासा दौसा स्थित सेंट्रल जेल में बंदी रिंकू उर्फ रण्डवा ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर सीएम भजनलाल शर्मा को मारने की धमकी दी थी। दो बार कॉल कर कहा गया था- आज रात 12 बजे से पहले मार दूंगा।


## एनकाउंटर में 2 नक्सली ढेर... बड़े नक्सल लीडर्स से मुठभेड़

### सुकमा में 500 जवानों ने चारों तरफ से घेरा, रुक-रुककर चल रही फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

**सुकमा ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। मारे गए नक्सलियों को मिलाकर 2025 में 83 नक्सली ढेर हुए हैं। मामला किस्टाराम थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बड़े लीडर्स से मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि किस्टाराम इलाके में कोबरा, छत्रन्न और जिला बल के करीब 500 जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है।



### 9 फरवरी को जवानों ने 31 नक्सलियों को मारा

इसके पहले जवानों ने बीजापुर में 9 फरवरी को जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी 31 के शव रिकवर कर लिए गए थे। मुठभेड़ में 2 जवान भी शहीद हुए थे। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई थी। इस साल का ये सबसे बड़ा नक्सल ऑपरेशन था।




## अजमेर बंद के दौरान ई-रिक्शा ड्राइवर को थप्पड़ जड़े

### बिजयनगर रेप-ब्लैकमेलकांड का विरोध, कलेक्ट्रेट में बैरिकेड पर चढ़े, गाड़ियों की हवा निकाली

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** बिजयनगर स्कूल में यौन उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को अजमेर बंद रहा। सकल हिंदू समाज के आह्वान पर 124 से अधिक संगठनों ने बंद को समर्थन दिया। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता हाथों में लाठी-डंडे लेकर बाजार बंद कराने निकले। रास्ते में कई जगह टेम्पो, ई-रिक्शा के पहियों की हवा निकाली। सवारियों को गाड़ियों से उतरवाया। एक जगह ई-रिक्शा ड्राइवर से विवाद में थप्पड़ मारे गए। आक्रोश रैली सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे कलेक्ट्रेट पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग शामिल हुए। कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर लगाए गए बैरिकेड पर चढ़ गए और नारेबाजी की। बाद में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। दरगाह बाजार में कुछ दुकानें खुली मिलीं, जिन्हें बंद करवाया गया। इमरजेंसी सेवाओं पर बंद का असर नहीं रहा। स्कूल-कॉलेज, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, हॉस्पिटल जैसी आवश्यक सेवाएं चालू रहीं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो शनिवार को बिजयनगर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित बच्चियों के परिवारों और स्कूल संचालक से मुलाकात की। कानूनगो ने बताया कि स्कूली नाबालिग बच्चियों को प्रलोभन देकर दोस्ती की और फिर यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। उन्हें ब्लैकमेल भी किया गया। आयोग सदस्य ने पीड़ित बच्चियों की पढ़ाई शुरू करने के निर्देश दिए। प्रत्येक पीड़िता को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई और बच्चियां भी पीड़ित हो सकती हैं। एक महीने तक बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर शिकायत पेटी रखी जाएगी, जिसमें बिना नाम बताए शिकायत की जा सकेगी।



### अब तक 13 आरोपियों को पकड़ा

15 फरवरी को बिजयनगर थाने में एक नाबालिग ने मामला दर्ज कराया था। उसके बाद एक और नाबालिग ने मामला दर्ज कराया। फिर 3 लड़कियों के पिता की ओर से भी रिपोर्ट दी गई। आरोप है कि ये प्राइवेट स्कूल में पढ़ रही नाबालिग लड़कियों का रेप और अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहे थे। जबरन कलमा पढ़ने, रोजा रखने और धर्मांतरण के लिए विवश कर रहे थे। पुलिस ने पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बिजयनगर पुलिस ने अब तक 13 आरोपियों को पकड़ा है। इनमें से 3 नाबालिग हैं। पुलिस पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी और कैफे संचालक सांवर मल से पूछताछ कर रही है। पूर्व पार्षद को 2 मार्च को पुलिस कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस ने चार आरोपियों - सोहेल मंसूरी, लुकमान, आशिक और करीम को कल गिरफ्तार किया। आज अजमेर पॉक्सो कोर्ट में पेशी के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

महिला सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रहा राजसमंद

# प्रोजेक्ट सक्षम सखी : 51 करोड़ के ऋण वितरण और करीब डेढ़ करोड़ की बिक्री के साथ रचा नया इतिहास

**राजीविका राजसखी मेले में जिले ही नहीं, राज्य के विविध हिस्सों से अपने उत्पाद लाकर जुटी एसएचजी की महिलाएं**



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने शनिवार को तीन दिवसीय राजसखी होली मेले का भव्य शुभारंभ किया। राजीविका के राजसखी होली मेले के दौरान जिले ने एक नया इतिहास रचा। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट सक्षम सखी के तहत हुए समन्वित प्रयासों से पहली बार एक ही दिन में एडवांस ऑर्डर सहित कुल लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपए के उत्पादों की बिक्री और लगभग 51 करोड़ रुपए के लोन विभिन्न बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूहों को सौंपे गए। जिला प्रशासन के प्रयासों से राजीविका राज्य स्तर से गुलकंद, गुलाल और ठंडाई हेतु 72 लाख 75 हजार का एडवांस ऑर्डर भी महिलाओं को मिला है। महिलाओं को जब एक ही मंच पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला तो उनके चेहरे भी खिल उठे। तीन दिवसीय राज सखी होली मेले भव्य शुभारंभ शनिवार सुबह द्वारकेश वाटिका में हुआ, जो सोमवार सायं तक चलेगा।

उदघाटन कार्यक्रम में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, समाजसेवी जगदीश पालीवाल, एडीएम नरेश बुनकर आदि मौजूद रहे। बड़ी संख्या में स्थानीय जन मौजूद रहे। सांसद महिमा मेवाड़ ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं जो सराहनीय है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि सरकार महिलाओं के सर्वांगीण कल्याण को लेकर प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है, लखपति दीदी योजना से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का भविष्य निखरा है और वे अधिक स्वावलंबी बनी है। विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि महिलाओं की भूमिका परिवार में सर्वाधिक अहम होती है, जब महिलाएं सशक्त होंगी तो देश भी सशक्त होगा। इसी तरह कलक्टर ने प्रोजेक्ट सक्षम सखी के तहत किए अभिनव प्रयासों की जानकारी साझा की।

### कई जिलों की दिखी झलक

राजसखी मेले के दौरान जयपुर से ब्लॉक प्रिंट शर्ट, हैंडमेड बैग्स, पाली से सोजत मेंहदी, भरतपुर से राजपूती पोशाक, चित्तौड़गढ़ से लकड़ी के आइटम आदि की स्टॉल लगाई गई।कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक भेरू लाल बुनकर एवं सहायक प्रबंधक महिला निधि प्रिया चारण ने किया। इस दौरान एसडीएम बृजेश गुप्ता, आयुक्त बृजेश राय, लीड बैंक प्रबन्धक, आमेट राजीविका के प्रबंधक कालूराम हिंगड़, कमल कुमार मारु, मुकेश नवल, मनीष मेवाड़ा, प्रीति लोधा, अजय माली, श्रेया हाजरा, हेमंत छीपा, रविशंकर, राकेश, परवीन, महिला निधि से रणजीत, देवेश लावनिया समस्त ब्लॉक की बीपीएमयू टीम, सीएलएफ टीम, विभिन्न बैंक के अधिकारी गण, महिला मण्डल के प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।



# मेवाड़ कबड्डी तीन दिवसीय रात्रिकालीन प्रतियोगिता मिंडोलिया के तत्वाधान समापन हुवा

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा (कमलेश अग्रवाल)।** मेवाड़ कबड्डी क्लब द्वारा मिण्डोलिया मे आयोजित तीन दिवसीय रात्रिकालीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मैच 26/02/2025/ बुधवार को मुख्य अतिथि जिला बचाओ शंकर समिति के संयोजक रामप्रसाद जाट व स्थानीय सरपंच गोपाल बेरवा की अध्यक्षता में हुआ और समापन मैच 28/02/2025 को हुआ। टूर्नामेंट संचालक दिनेश बलाई के अनुसार इस प्रतियोगिता में कुल 23 टीमों ने भाग लिया जो निम्न है।

नई राज्यास, आमली कालुसिंह जी पण्डेर, उपरेड़ा रायपुर, रघुनाधपुरा चलानिया, बिलिया, गिरंडिया बड़ेसरा %नया तालाब, प्रतापपुरा, लुलांस, बातनदोड़ी अखड़, मिणो की कोटडी अरनियारासा, रूपपुरा नई आरणी आदि टीमों ने भाग लिया उदघाटन मैच नई राज्यास 1/ह्य गिरडिया के बीच हुआ। जिसमें गिरडिया टीम ने ब्रॉइन्ट से मैच जीता, इन टीमों में से, मिण्डोलिया आमली कालू सीहजी की, रघुनाथ पुरा, उपरेड़ा चारी टीमो सेमीफाइनल में पहुंची ।प्रथम सेमीफाइनल मैच भिण्डोलियां और आमली के बीच हुआ।जिसका स्कोर 40-32 रहा भिण्डोलिया 8 पॉइन्ट से मैच जीतकर फाइनल में पहुचने वाली प्रथम टीम रही।दुसरा सेमीफाइनल रघुनाथपुरा 1/ह्य उपरेड़ा के बीच खेला गया। जिसका स्कोर 60-92 रहा रघुनाथपुरा टीम 18 पॉइन्टो से मैच जीत कर फाइनल में पहुंची । फाइनल मैच रघुनाचपुरा और भिण्डोलियों के बच हुआ। जिसका स्कोर 79-49 रहा भिण्डोलियो टीम ने 30 पॉइन्टों से जीतकर खिताब अपने नाम किया समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता परमवीर सिंह चौहान अध्यक्ष अधिवक्ता रामप्रसाद जाट विशिष्ट अतिथि पार्षद राजेश सोलंकी ने विजेता टीमों को पारितोषिक वितरित किए।

# राजसमंद में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर सीपीआर और स्वस्थ जीवन के गुर




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा द्वारा आयोजित प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर में आज प्रतिभागियों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। पुराने अस्पताल परिसर में चल रहे इस शिविर के पांचवें दिन शनिवार को डॉ. वीरेंद्र महात्मा ने प्रतिभागियों को सीपीआर की बारीकियों से अवगत कराया और आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि शिविर में 30 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिन्हें स्वस्थ जीवन जीने के आवश्यक टिप्स भी चिकित्सकों द्वारा सुझाए गए। शिविर में डॉ. आनंद श्रीवास्तव, डॉ. राधेश्याम कुमावत, और डॉ. वीरेंद्र कुमार महात्मा जैसे अनुभवी चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

शिविर का आयोजन रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्य शाखा के निर्देशानुसार किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व शिविर चेयरमैन कुलदीप शर्मा कर रहे हैं। शिविर संयोजक सी.पी. व्यास और सह-संयोजक दीपचंद गाडरी के साथ, कोषाध्यक्ष अशोक डूंगरवाल, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, हर्षवर्धन सिंह भाटी, गोपाल लाल सरगरा, प्रहलाद मूंदड़ा, रवि नंदन सिंह चारण, रमेश सिंह चारण, प्रहलाद वैष्णव, और सुरेंद्र सिंह रांकावत जैसे समर्पित स्वयंसेवक भी इस शिविर में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

यह प्रशिक्षण शिविर प्रतिभागियों को न केवल प्राथमिक उपचार की तकनीकों में कुशल बना रहा है, बल्कि उन्हें आपातकालीन स्थितियों में आत्मविश्वास के साथ प्रतिक्रिया देने के लिए भी तैयार कर रहा है।

# अणुव्रत का ध्येय : इंसान पहले इंसान फिर हिन्दू या मुसलमान

## अणुव्रत का 77 वां स्थापना दिवस मनाया, निकली स्कूली छात्रों की रैली

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** शासन मुनि सुरेश कुमार के नमस्कार महामंत्रोच्चारण के साथ हिरणमगरी से. 4 स्थित तुलसी निकेतन में राष्ट्रसंत आचार्य तुलसी द्वारा स्थापित किये गये अणुव्रत के 77 वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनि सुरेश कुमार ने कहा कि अणुव्रत का ध्येय सूत्र है इंसान पहले इंान फिर हिन्दू या मुसलमान है। यह क्षण एतिहासिक है, जो राष्ट्र की सुरक्षा का महान अवदान अणव्रुत का जन्मदिन ले कर आया है। अणुव्रत जाति-वर्ग-सम्प्रदाय की दीवारों को तोड़कर मानव को सही मायनें में इंसान बनाता है। मुनि संबोध कुमार मेधांश ने कहा कि पूरी दुनिया बारूद के ढेर पर खड़ी है। एक क्लिक पर समूची सृष्टि के विनाश के दरवाजे खुले है। ऐसे दौर में अणुव्रत की आवश्यकता स्वयं सिद्ध हो जाती है। नियमों से अनुबन्धित जिन्दगी सृष्टि की खुशहाली ले कर आती है। मुनि सिद्धप्रज्ञ ने कहा कि आज अणुव्रत की स्थापना के साथ आचार्य कालुगणि का जन्मदिन,मुमुक्षु संस्था का सृजन हुआ है। अणुव्रत ध्वंस का नहीं निर्माण का अभियान है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों व जनमेदिनी को संकल्प का प्रयोग करवाया। तेरापंथ सभाध्यक्ष कमल नाहटा ने कहा कि अणुव्रत और आचार्य तुलसी एक-दूसरे के पर्याय है। महिला मण्डल अध्यक्षा सीमा बाबेल,युवक परिषद अध्यक्ष भूपेश खमेसरा ने भी विचार व्यक्त किये। समारोह के मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि वर्ष 1985 से मैं आचार्य तुलसी के अवदानों से जुड़ा हुआ हूं। अणुव्रत केवल जैन तेरापंथ को ही नहीं सम्पूर्ण मनाव को आवश्यकता है। में व्यवसाय व चुनाव के सन्दर्भ में अणुव्रत का आत्मा से पालन करता हूं। अणुव्रत समिति संरक्षक गणेश डागलिया ने कहा कि 1 मार्च 1949 को आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आन्दोलन का शुभारम्भ किया। तुलसी निकेतन के कार्याध्यक्ष अरूण कोठारी ने कहा कि अणुव्रत भगवान महावीर का चरित्र निर्माण का महान अभियान है। अणुव्रत समिति अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा ने अणुव्रत को सार्वभौमिक सिद्धान्त करार देते हुए सभागत अतिथियों का स्वागत किया। अंत में आभार मत्री कुन्दन भटेवरा ने ज्ञापित किया। मंच संचालन समिति उपाध्यक्ष राजेन्द्र सेन ने किया।




शहर विधायक ताराचंद जैन ने प्रारम्भ अणुव्रत ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर तुलसी रेजीडेन्शियल स्कूल से अणुव्रत का संदश देते हुए अणुव्रत घोष के साथ रैली निकाली। जो विभिन्न मार्गो से होती हुई पुनः स्कूल पंहुची। इस अवसर पर ताराचंद जैन ने भाजपा कार्यालय व अपने कार्यालय में अणुव्रत के ग्यारह नियमों का पट्ट लगानें की घोषणा की। उन्होंने शीघ्र ही जिला कलेक्टर द्वारा सरकारी कार्यालयों व विद्यालयों में अणव्रुत पट्टिका लगानें का आदेश जारी करने का विश्वास दिलाया।

# डॉ. डी सी शर्मा प्रतिष्ठित रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ़ डायबिटीज इन इंडिया के राजस्थान राज्य संगठन के अध्यक्ष चुने गये




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** हाल ही में कोटा में आयोजित वार्षिक कांफ्रेंस में भारत में डायबिटीज के अध्ययन और इलाज में प्रमुख भूमिका निभाने वाली संस्था, रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ़ डायबिटीज इन इंडिया के राजस्थान राज्य संगठन के अध्यक्ष के रूप में डॉ. डी सी शर्मा का चयन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने अपने कार्यकाल की प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रिसर्च (अनुसंधान) और रोगी देखभाल में सुधार लाना होगा। उन्होंने कहा कि डायबिटीज के प्रभावी इलाज के लिए निरंतर अनुसंधान और रोगियों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए राज्य के डॉक्टरों और मेडिकल समुदाय से एकजुट होकर काम करने की अपील की। डॉ. शर्मा ने कहा कि राजस्थान राज्य संगठन का उद्देश्य डायबिटीज से जुड़े जागरूकता अभियानों को और बढ़ावा देना और डायबिटीज के इलाज की नवीनतम विधियों को लागू करना होगा। उन्होंने इस क्षेत्र में प्रगति के लिए समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ काम करने का वादा किया। डॉ. शर्मा की इस भूमिका के साथ रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ़ डायबिटीज इन इंडिया का उद्देश्य राजस्थान राज्य में डायबिटीज पर अनुसंधान ,इलाज और प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाना है, ताकि आम हो चले इस रोग पर नित नए उपचार व नवीनतम जानकारी हर चिकित्सक तक पहुँचे ताकि डायबिटीज रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहे आंदोलन के तहत वैष्णव समाज के लोगों द्वारा धरना दिया

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा (कमलेश अग्रवाल)।** इस दौरान वरिष्ठ नागरिक रघुनाथ जी वैष्णव, मिश्री दास वैष्णव, भीम वैष्णव भगवानदास वैष्णव सतीश वैष्णव बृजेश वैष्णव रमेश चंद्र वैष्णव बसंती लाल वैष्णव शांतिलाल वैष्णव दशरथ वैष्णव सियाराम वैष्णव माधव दास वैष्णव आत्माराम वैष्णव राम गोपाल वैष्णव ओम प्रकाश वैष्णव प्रहलाद वैष्णव पप्पू वैष्णव अमित वैष्णव रामप्रसाद वैष्णव योगेंद्र वैष्णव जुगल किशोर वैष्णव रमेश वैष्णव सियाराम वैष्णव राम प्रसाद वैष्णव रमेश वैष्णव आदि मौजूद थे। वरिष्ठ नागरिक रघुनाथ प्रसाद वैष्णव ने बताया कि रियासत कालीन शाहपुरा में उदयपुर और अजमेर के बीच में शिक्षा के क्षेत्र में हाई सेकेंडरी स्कूल सिर्फ शाहपुरा में थी और रियासत काल से ही शाहपुरा का अपना एक महत्व रहा है और जिला हटाकर सरकार ने कुठाराघात किया है और सभी समाजजन इसकी निंदा करते हैं। दुर्गा लाल जी जोशी ने कविता के माध्यम से राज्य सरकार को जिला बहाल करने का आव्हान किया।



अधिवक्ता अनिल शर्मा ने सभी मापदंडों पर खडा उतरने के बाद भी शाहपुरा को जिला नहीं बनाकर और अपने प्रभावित नेताओं के जिलों को रखकर भेदभावपूर्ण राजनीति का उदाहरण पेश किया है। संयोजक रामप्रसाद जाट ने बताया कि जेल भरो आंदोलन में प्रशासन की तरफ से जो कमियां रही उनको बताया सरकार से जल्द जिला बहाली की अपील करते हुए कहा कि शाहपुरा सभी मापदंडों जनसंख्या विधानसभा मुख्यालय से दूरी सभी मापदंडों को पूरा करता है फिर भी जिले को हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान राम प्रसाद जाट अनिल शर्मा आशीष सूर्य प्रकाश सुखवाल रामेश्वर लाल खटीक राजू उस्मान छिपा पालीवाल आशीष भारद्वाज किशन खटीक सोहेल खान राहुल पारीक कुलदीप सिंह ताज मोहम्मद प्रियेश सिंह यदुवंशी आदि मौजूद दें थे।

# रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा क्रिकेट टुर्नामेन्ट आयोजित, थंडर स्ट्राइकर टीम रही विजेता

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा नशा मुक्ति जागृति हेतु क्लब की चार युवा टीमों रोटरी टाइटंस, मेवाड़ वॉरियर्स, तिरुपति ब्लास्टर एवं थंडर स्ट्राइकर के मध्य क्रिकेट टूर्नामेंट अर्बन स्क्वायर में आयोजन किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ एवं पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी द्वारा टॉस करवाकर मैच की गई। टीम के कप्तान अजय अग्रवाल, हेमंत मेहता, पंचम मेहता एवं क्लब सचिव भरत सरुप्रिया रहे। टीम जर्सी एवं ट्रॉफी की प्रायोजक बिजनेस इंटरनेशनल इंडिया रही। फाइनल मैच थंडर स्ट्राइकर एवं रोटरी टाइटंस के मध्य खेला गया। टूर्नामेंट के विजेता थंडर स्ट्राइकर टीम रही। मैन ऑफ द मैच गौरव नागौरी, बेस्ट बैट्समैन सिद्धार्थ दक एवं बेस्ट बोलर गौरव नागौरी रहे।



# राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी और सभापति अशोक टांग पहुंचे मुख्यमंत्री जन आवास स्थल

## विधायक ने पेयजल के लिए 3 करोड रुपए की दी स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नगर परिषद की निगरानी में बन रहे मुख्यमंत्री जन आवास केंद्र के 1072 आवासों में भारी अनियमित सामने आई थी। यह पूरा गड़बड़झाला जानकारी मे आने के बाद राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी ने इसे गंभीरता से लिया। विधायक दिप्ती माहेश्वरी,सभापति अशोक टांक,नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय,जन आवास के ठेकेदार सहित सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री जन आवास केंद्र पर पहुंचे और वहां हालात का जायजा लिया। विधायक ने वहां रहने वाले लोगों से भी संवाद किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहां मिली अनियमिताओं के बाद उन्होंने ठेकेदार से इस संबंध में सवाल जवाब किया और सड़कों की बदहाल हालत को लेकर टोल रोड के ठेकेदार को सडक के दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ठेकेदार द्वारा इन कमियों को जल्द पूरा करने और अधूरे पड़े आवासों को तीन माह में पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। आवास स्थल पर जल की समस्या को लेकर विधायक ने 3 करोड रुपए की स्वीकृति की घोषणा की है। इसके साथ ही आवास के बीच बड़ी जगह पर एक मंदिर बनाने और गार्डन विकसित करने के भी निर्देश जारी किए।



इस मौके पर वहां रहने वाले 100 परिवार के लोगों ने विधायक का आभार जताया।

# जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने जिला कारागृह सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान बंदियों को प्रदान मूलभूत सुविधाएं एवं कारागृह परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित बंदीजन से जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं, कानूनी प्रतिनिधित्व हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, उनके संबंधित मुकदमों की ताजा अपडेट आदि के बारे में पूछताछ की गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 97 बंदी उपस्थित पाये गए। दौराने निरीक्षण सचिव समीक्षा गौतम द्वारा प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की गई एवं उपस्थित बंदीजन को बंदियो एवं विधि से संघर्षरत किशोरों के कल्याण की योजना, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, नालसा पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल (न्याय रक्षक) राधेश्याम जोगी, अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल एवं जेल स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

## एनएमओ के 44वें राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ

# सेवा भाव सर्वोपरि रखते स्वास्थ्य सेवाओं का नया अध्याय लिखें भारतीय चिकित्सक : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/उदयपुर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि चिकित्सक सेवा भाव को सर्वोपरि रखते स्वास्थ्य सेवाओं में उदाहरण बने। उन्होंने कहा कि चिकित्सक भगवान के समान होते हैं। वह असाध्य रोगों से भी रोगी को नया जीवन देते हैं। चिकित्सा व्यवसाय नहीं सेवा कार्य है।

राज्यपाल शनिवार को उदयपुर में नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) के 44वें राष्ट्रीय अधिवेशन नमोकॉन-2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने मानव सेवा को ही ईश्वर सेवा बताया था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी नर सेवा को नारायण सेवा के रूप में स्वीकार किया। इसी भावना के साथ समाज को स्वास्थ्य, शिक्षा और सेवा के प्रति जागरूक बनाना आवश्यक है। राज्यपाल ने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान समय में मनुष्य की रोग प्रतिकारक क्षमता कमजोर हो रही है, जिसे बढ़ाने के प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि पुराने समय में प्रात:काल दंड-बैठक और व्यायाम हमारी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा था, लेकिन आधुनिक जीवनशैली में यह परंपरा लुप्त होती जा रही है। इसे पुनर्जीवित कर लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कोविड-19 महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल देश बल्कि दूसरे देशों के लोगों को भी बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से हमारी बौद्धिक क्षमता प्रभावित हुई है, जबकि भारत का चिकित्सा शास्त्र सदियों से अत्यंत समृद्ध रहा है। उन्होंने खिलजी जैसे आक्रमणकारियों द्वारा भारत की बौद्धिक संपदा और ज्ञान परंपरा को नष्ट करने के प्रयासों का उल्लेख किया और कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद भारतीय चिकित्सकों ने वैश्विक स्तर पर अपना कीर्तिमान बनाए रखा। उन्होंने कहा कि प्राचीन चिकित्सा पद्धति और परंपरागत ज्ञान को संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने आरंभ में स्वस्थ तन और मन का संदेश देते अधिवेशन की स्मारिका का भी लोकार्पण किया।



# कैमिकल युक्त भोजन को त्याग कर ही हम अपनी अगली पीढ़ी को सुरक्षित कर सकते हैं : प्रताप राव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शनिवार को श्री पिंजरापोल गौशाला स्थित जैविक वन औषधीय पादप केंद्र में आयोजित दो दिवसीय प्राकृतिक गौ आधारित कृषि एवं जैविक कृषि हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन गुजरात, हरियाणा, राजस्थान व उत्तरप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे किसानों व नव युवक उद्यमियों ने स्वयं सहायता समूह व एफ0 पी0 ओ0 गठन तथा उनके माध्यम से अपने उत्पादों को किस प्रकार अधिक मुनाफे के साथ बिक्री कर सकते हैं के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की । इस अवसर पर भा0 ज0 पा0 के प्रदेश प्रवक्ता तथा राष्ट्रीय गौशाला सम्मान समारोह व राष्ट्रीय किसान मेला के कार्यक्रम संयोजक प्रताप राव जी ने 26,27,28 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय स्तर पर समस्त गौ कृषि कृषकों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने व स्टॉल्स के माध्यम से मंच का वृहद अनुभव करें । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जयपुर से अमित राजौरिया, दुष्यंत अजमेरा, नरेंद्र कुमावत, बांसवाड़ा से फूलचंद पारगी, रेवाड़ी से दीपक यादव व मनीष यादव, श्योपुर से श्याम सुन्दर प्रजापत व अभिषेक शर्मा, जयपुर से हिमांशी शर्मा व अंजलि, अलवर से कृष्णा कुमार, दौसा से सुमन मीणा, उदयपुर से महावीर सिंह राजावत, गुजरात से वैश्नानी विजिल रमेशभाई,सोलंकी चंदूभाई पर्वतभाई, नागर ध्रुव कुमार राजेशकुमार आदि प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे ।

इस कार्यक्रम में हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने अपने बहुमूल्य अनुभवों को स्टार्टअप्स के लिए साझा किया । अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता ने आज के आधुनिक युग में किस प्रकार स्वास्थ्य को छोड़ स्वाद के लिए जन मानस विषैले भोज्य पदार्थों का सेवन कर अपनी व आने वाली पीढ़ी को नुकसान पहुंचा रहा है । अमित राजौरिया ने गाय के गोबर के महत्व के बारे में जानकारी दी द्य कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर देश के विभिन्न प्रदेशों से आये कृषकों को औषधीय पादपों के बारे में विस्तृत जानकारी, पादप वन केंद्र का भ्रमण तथा बाई बैक के बारे में जानकारी दी जाएगी ।

# नाथू सिंह गुर्जर बने जल महल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयपुर शहर के सचिव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर. आर. तिवारी के नेतृत्व में नाथू सिंह गुर्जर को जल महल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जयपुर शहर में सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी संगठन को मजबूत करने और क्षेत्र में कांग्रेस की नीतियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से की गई है। नाथू सिंह गुर्जर की संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह है और कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# खाद्य कारोबारी आमजन को शुद्ध एवं स्वास्थ्यकर भोजन उपलब्ध करवाएं : संयुक्त आयुक्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर द्वितीय।** आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल राजस्थान के निर्देशानुसार खाद्य कारोबारियों के लिए फूड सेफ्टी नियमों की जानकारी, हाइजीन, सेनिटेशन और भोजन के रखरखाव के संबंध में दुर्गापुरा और सांगानेर में फूड सेफ्टी सुपरवाइजर हेतु फोसटैक ट्रेनिंग आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग तीस फर्मों के एक सौ से अधिक खाद्य व्यापारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शामिल श्रीमान विजय प्रकाश शर्मा (सयुंक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान जयपुर ) ने अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे स्नस्स्न्ढ्ढ के फूड सेफ्टी के नियमानुसार कार्य करते हुए समाज को शुद्ध और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का निश्चय लें। वही खाना ग्राहक को परोसें, जो खुद खा सकते हों। उन्होने खाद्य तैल को दो बार से ज्यादा तलने के बाद उपयोग न करने और मिलेट्स को बढ़ावा देने की शपथ भी दिलाई। विभाग की ओर से समय समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, सुशील चोटवानी, विनोद थारवान, राजेश नागर, नंदकिशोर कुमावत कार्यशाला में शामिल रहे।

## चाकसू ब्लॉक के पीएचसी चंदलाई के खादीजाजुपुरा गांव मे सास बहू सम्मेलन का आयोजन

# सास और बहू ने की परिवार नियोजन पर सार्थक चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर द्वितीय।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत जिले में सास-बहू सम्मलेन आयोजित किए जा रहे है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए जा रहे परिवार नियोजन के साधनों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि चाकसू ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चन्दलाई के गांव खादीजाजुपुरा मे सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन व परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान खेल के माध्यम से सास और बहू मे परिवार नियोजन की जानकारी साझा की गई। शादी के बाद पहले बच्चे में 2 साल की देरी और दूसरे बच्चे में 3 साल का अंतराल के बारे में चर्चा हुई। इसके अलावा उन्हें परिवार कल्याण के स्थाई-अस्थाई साधन अपनाने के लिए नजदीकी चिकित्सा संस्थानों पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में पीएचसी चंदलाई के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. गोविंद शर्मा एएनएम कविता चौधरी, सेक्टर हैल्थ सुपरवाइजर मोहिनी अग्रवाल, आशा सहयोगिनी मीनू और आईडीएफ डेवलपमेंट फाउंडेशन की प्रतिनिधि अरून नायर, रीता, रूपा, सन्तोष, रॉक्सी शर्मा, आशीष व सूर्या उपस्थित रहे।

# जयपुर में रूबी खान के निवास पर अब्दुल कलाम का हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक और राजस्थान प्रभारी अब्दुल कलाम का गुरुवार को जयपुर में भव्य स्वागत समारोह हुआ। यह कार्यक्रम कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारत यात्री और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रभारी रूबी खान के निवास पर आयोजित किया गया, जहां शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी प्रमुख थे। बैठक में अल्पसंख्यक युवाओं के प्रतिनिधि सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की भूमिका को सलीम उल्लाह खान ने सराहा और उन्हें समुदाय की युवा आवाज बताया। कांग्रेस युवा नेता शाहनवाज लाला ने रूबी खान को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने पर खुशी जताई और महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने पर पार्टी व अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का आभार व्यक्त किया। राजस्थान सरकार द्वारा प्राथमिक स्तर पर उर्दू की जगह संस्कृत को प्राथमिकता दिए जाने के फैसले पर चिंता जाहिर की गई। स्कूल संचालक कारी मोहम्मद इसहाक और हाजी यासिर हुसैन सूफी ने कहा कि इससे उर्दू भाषी छात्रों को नुकसान होगा। अब्दुल कलाम ने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता इमरान प्रतापगढ़ी तक पहुंचाया जाएगा और जल्द समाधान निकाला जाएगा। कम्बरी समाज के शकील अहमद ने शिक्षा और रोजगार से जुड़ी चुनौतियों को उठाते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। कलाम ने इन मुद्दों को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सामने रखने का भरोसा दिलाया। रूबी खान ने कहा कि वे और कलाम कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत करने के लिए लगातार राज्यों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने राजस्थान में पार्टी को सशक्त बनाने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर कैप्टन मिर्जा एम बैग, वाजिदुद्दीन खान, परवीन खान, मिर्जा आसिफ, तारीख खतीब, जावेद खान, मोहम्मद आरिफ, इमरान खान, जुनेद अहमद खान, अतीक अहमद और रईस अहमद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आईफडब्ल्यूजे पत्रकार संगठन की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय स्थित सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय (सूचना केंद्र) में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट पत्रकार संगठन की बैठक शनिवार को संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। आईफडब्ल्यूजे सचिव राजेश गोयल ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पत्रकारों एवं संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई । बैठक में मौजूद सदस्यों से संगठन की सदस्यता के नवीनी करण हेतु 10 मार्च तक सदस्यता फार्म भर कर मय सदस्यता शुल्क जमा कराने को कहा ताकि समय पर प्रदेश से आईडी कार्ड बन कर आ जाएं। नवीनी करण फार्म उन्हीं को भरने है जिनकी वैधता 31 मार्च को खत्म हो रही है। जिलाध्यक्ष शर्मा ने बैठक में प्रदेश से मिल रहे दिशा निर्देशो की जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राठौड़ भी शीघ्र ही जिले के दौरे पर आ रहे है। राजेश शर्मा ने उपस्थित सदस्यों से आगामी दिनों में सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने को लेकर सुझाव आमन्त्रित किए। राजेश गोयल के अनुसार सभी सदस्यों ने सम्मेलन आयोजित किए जाने पर अपनी सहमति जताई।

# कार्यालय नगर पालिका निवाई, जिला (टोंक)

क्रमांक: न.पा.नि./आपत्ति आमंत्रण/2024-25/1590 — दिनांक : 28/02/2005

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि स्थित आवासीय कॉलोनी में भूखण्डो के पट्टे चाहने हेतु आवेदन किया हैं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर मयाद 07 दिवस में मय सबूत लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे बाद गुजरने मयाद (अवधि) पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी व आवेदकों के पक्ष में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र सं. | नाम आवेदक | कॉलोनी का नाम | भु.सं. | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल वर्गगज/ वर्गमीटर | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजेश जाट, मनीष कुमार जाट, महावीर जाट / सीताराम जाट | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 09 | 2309. 2310, 2311,2318 | 211.11 | पट्टा हेतु |
| 2 | लालचन्द मीना, गिर्राज प्रसाद मीना /रामजीवन मीना | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 11 | 2309, 2310, 2311,2318 | 166.66 | पट्टा हेतु |
| 3 | हनुमान प्रजापत / संतराम प्रजापत | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 37 | 2309, 2310, 2311,2318 | 100 | पट्टा हेतु |
| 4 | रघुवीर सिंह चौधरी / हनुमान चौधरी | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 52 | 2309, 2310, 2311,2318 | 92.77 | पट्टा हेतु |
| 5 | मुकेश कुमार जाट / रामस्वरूप जाट | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 01 | 2309, 2310, 2311,2318 | 333.33 | पट्टा हेतु |
| 6 | ग्यारसी लाल सैनी/मदन लाल सैनी | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 36 | 2309, 2310, 2311,2318 | 100 | पट्टा हेतु |
| 7 | पिस्ता बाई मीना / चन्द्रप्रकाश मीणा | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 70 | 2309, 2310, 2311,2318 | 125 | पट्टा हेतु |
| 8 | रूपनारायण शर्मा / हनुमान प्रसाद शर्मा | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 24 | 2309, 2310, 2311,2318 | 211.11 | पट्टा हेतु |
| 9 | सीताराम मीना / लक्ष्मीनारायण मीना | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 51 | 2309, 2310, 2311,2318 | 139.16 | पट्टा हेतु |
| 10 | रेणूबाला शर्मा/प्रदीप कुमार नागर | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 50 | 2309, 2310, 2311,2318 | 150 | पट्टा हेतु |
| 11 | हेमन्त कुमार सोनी / राधाकिशन | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 06 | 2309, 2310, 2311,2318 | 166.66 | पट्टा हेतु |
| 12 | रामवतार / सीताराम | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 08 | 2309, 2310, 2311,2318 | 166.66 | पट्टा हेतु |
| 13 | विनिता गुर्जर / मुकेश कुमार गुर्जर व प्रमोद कुमार गुर्जर / रामलाल गुर्जर | श्री श्याम सरोवर तृतीय | 84 | 2309, 2310, 2311,2318 | 150 | पट्टा हेतु |
| 14 | माया कुमारी कलासुआ / रोशन कुमार मीना | श्री श्याम सरोवरं तृतीय | 23 | 2309, 2310, 2311,2318 | 211.11 | पट्टा हेतु |
| 15 | रामोतार मीणा / हरसहाय मीणा | श्री श्याम. सरोवर प्रथम | 89 | 2319, 2321 | 125 | पट्टा हेतु |
| 16. | रामअवतार प्रजापत, भवानी शंकर प्रजापत / बद्रीलाल प्रजापत | श्री श्याम सरोवर प्रथम | 91 | 2319, 2321 | 125 | पट्टा हेतु |
| 17 | रामप्रसाद जाट पुत्र राधाकिशन जाट | श्री श्याम सरोवर प्रथम | 72 | 2319, 2321 | 180.88 | पट्टा हेतु |
| 18 | हंसराज चौधरी / रामराय जाट | श्री श्याम सरोवर प्रथम | 74 | 2319, 2321 | 196.55 | पट्टा हेतु |
| 19. | शंकुन्तला देवी/हीरालाल जांगिड | विकास कॉलोनी-ए | 38 | 1625/2, 1625/3, 1625/4, 1630, 1640 | 134.02 | पट्टा हेतु |
| 20 | सुनिता शर्मा / मुरारी लाल शर्मा | विकास कॉलोनी-ए | 22 | 1625/2, 1625/3, 1625/4, 1630, 1640 | 138.88 | पट्टा हेतु |
| 21 | सुनिता शर्मा / मुरारी लाल शर्मा | विकास कॉलोनी-ए | 14 | 1625/2, 1625/3, 1625/4, 1630, 1640 | 122.22 | पट्टा हेतु |
| 22 | राकेश वर्मा/बद्रीलाल वर्मा | विकास कॉलोनी-7 | 33 | 1601, 1602, 1603, 1603/5594 | 125 | पट्टा हेतु |
| 23 | नीतू बैरवा पत्नी रवि कुमार गंगवाल व जितेन्द्र पुत्र बजरंग लाल बैरवा | सिद्धांचल एनक्लेव | 104ए | 1621,1624,2208,2210 | 120 | पट्टा हेतु |

**अधिशाषी अधिकारी**

## सम्पादकीय

# भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी, नए आर्थिक और रणनीतिक रास्तों की तलाश

पिछले कुछ वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर सहयोग के समीकरणों में तेजी से बदलाव हो रहा है, उसमें ज्यादातर देशों के लिए यह बात मायने रखती है कि आर्थिक, रणनीतिक और कूटनीतिक मोर्चे पर भारत का रुख क्या रहता है। यह बेवजह नहीं है कि अलग-अलग देश अपने तरीके से भारत के साथ सहयोग के नए रास्ते खोजने की कोशिश कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के इस बार राष्ट्रपति बनने के बाद कई मसलों पर अमेरिका का रुख छिपा नहीं है। ट्रंप के कई बयानों से वैश्विक स्तर पर उपजी अनिश्चितता के बीच यह स्वाभाविक ही है कि दूसरे देश भावी अवरोधों के मद्देनजर नए और वैकल्पिक रास्तों की ओर कदम बढ़ाएं।

इस लिहाज से देखें तो यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन की ताजा भारत यात्रा की अपनी अहमियत है। गौरतलब है कि बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष का मुख्य उद्देश्य व्यापार, निवेश और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग को बढ़ाना है। उनके साथ सत्ताईस सदस्य देशों के वरिष्ठ राजनीतिक नेता भी भारत दौरे पर आए हैं। भारत के प्रधानमंत्री के साथ बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी साझेदारी को और ज्यादा मजबूत करने के साथ-साथ भारत, पश्चिम एशिया, यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी अत्यधिक महत्त्वपूर्ण संपर्क परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की।

यूरोपीय संघ और भारत के बीच व्यापार लगभग एक सौ साठ बिलियन डालर का है। फिलहाल यूरोप में करीब पचास लाख भारतीय रहते हैं और भारतीय पेशेवरों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जाहिर है, अगर यूरोपीय संघ और भारत के बीच साझेदारी का नया अध्याय शुरू होता है, तो उसमें इन तथ्यों की अहम भूमिका रहेगी। यही वजह है कि यूरोपीय संघ की अध्यक्ष की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाने पर संवाद को आगे बढ़ाया है। इस क्रम में मुक्त व्यापार समझौते के जरिए दोनों क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ावा देने, बाजार तक पहुंच में सुधार लाने और परस्पर आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में कुछ महत्त्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। साथ ही, बाहरी अंतरिक्ष, रक्षा, जल प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग की संभावना बेहतर होने की उम्मीद है। एक रपट के मुताबिक, भारत में मौजूदा समय में छह हजार से अधिक यूरोपीय कंपनियां काम कर रही हैं। वे लाखों नौकरियों का सृजन कर रही हैं और इस तरह भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रही हैं। ऐसे में अगर यूरोपीय संघ और भारत के बीच आर्थिक सहयोग का माहौल बेहतर हो तो दोनों पक्षों के बीच निवेश के नए रास्ते खुल सकते हैं और कारोबारी माहौल में और सुधार हो सकता है।

हालांकि इस संदर्भ में यह भी ध्यान में रखने की जरूरत है कि यूरोपीय संघ अगर भारत के साथ अपने व्यापार संबंधों को बढ़ाने की कोशिश में है, तो इसके पीछे चीन के जोखिम से पार पाना भी एक मुख्य कारण है। यूरोपीय संघ से कार, शराब और अन्य उत्पादों पर ऊंचे आयात शुल्क, यूरोपीय बाजार में उसकी दवाओं और रसायनों तक भारत की ज्यादा पहुंच, भारत की ओर से कार्बन टैक्स के प्रस्ताव का विरोध, डेटा सुरक्षा आदि कई ऐसे बिंदु हैं, जिन पर सहमति की बुनियाद पर ही दोनों पक्षों के बीच संबंधों का यह सफर आगे बढ़ सकेगा। यह जरूरी होगा कि अगर इस वर्ष के अंत तक एक मुक्त व्यापार समझौता सामने आता है, तो वह आपसी हितों को सुनिश्चित करने वाला हो।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृष**

दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन**

कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क**

जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**सिंह**

दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**कन्या**

प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**तुला**

कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

**वृश्चिक**

कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**धनु**

थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मकर**

कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ**

शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

**मीन**

कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी। आज के काम कल पर नहीं टालें।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 2 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमेरिकी कांग्रेस ने 1807 में एक कानून पास कर देश में गुलामों के आयात पर रोक लगा दी थी। दास प्रथा की समाप्ति की दिशा में यह अहम कदम था।
- अमेरिका ने 1819 में अपना पहला आव्रजन कानून पारित किया।
- टेक्सास ने 1836 में मेक्सिको से अपनी आजादी की घोषणा की।
- निड्ल कंपनी एक्सेलसियर ने 1866 में सिलाई मशीन की सुई बनानी शुरू की।
- दुनिया की पहली वायरलैस टेलीग्राफ कंपनी हवाई में 1901 में खुली।
- अंतरराष्ट्रीय मार्क्सवाद की पहली बैठक 1919 में मास्को में हुयी।
- अफ्रीकी महाद्वीप का देश रोडेशिया अब जिम्बाब्वे 1970 में आज ही के दिन एक स्वतंत्र गणराज्य बना।
- बिहार की राजधानी पटना में 1982 में महात्मा गांधी सेतु का उद्घाटन हुआ।
- सोवियत संघ ने 1983 में भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- पेरू एवं इक्वाडोर के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए दोनों देशों के बीच में 1995 में समझौता।
- नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के बीच 2006 में ऐतिहासिक परमाणु समझौता सम्पन्न।
- भारत ने 2006 में परमाणु शक्ति के सम्बन्ध में अमेरिका के साथ राष्ट्रपति जॉर्ज बुश के दिल्ली आगमन पर समझौता किया।
- जर्मनी में 2012 में अदालत ने एप्पल और सैमसंग के बीच पेटेंट का मुकदमा खारिज किया।

### 2 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- स्कौटलैंड के राबर्ट द्वितीय का 1316 में जन्म।
- राजनीतिज्ञ बसंत सिंह खालसा का 1932 में जन्म।
- अंग्रेज क्रिकेटर एंड्र्यू स्ट्रॉस का 1977 में जन्म।
- अमरीकन अभिनेत्री जेसिका बील का 1982 में जन्म।
- अमरीकन फुटबाल के खिलाड़ी रैजी बुश का 1985 में जन्म।
- भारतीय तीरंदाज खिलाड़ी जयन्त तालुकदार का 1986 में जन्म।

### 2 मार्च को हुए निधन

- छत्रपति शिवाजी महाराज के छोटे पुत्र राजाराम का सन 1700 में सिंहगढ़ में निधन।
- उत्तर प्रदेश के प्रथम राज्यपाल हरकोर्ट बटलर का 1869 में निधन।
- भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली तथा 'भारत कोकिला' के नाम से मशहूर सरोजिनी नायडू का 1949 में निधन।

# कामुकता को स्वछन्द करती पॉप संस्कृति



डॉ. सत्यवान सौरभ

**आजकल, हमारी इच्छाएँ और धारणाएँ अक्सर फ़िल्मों और टेलीविजन पर दिखाई जाने वाली छवियों और कथाओं से प्रभावित होती हैं। ये चित्रण प्रायः रूढ़िवादिता की ओर अधिक झुके होते हैं। उदाहरण के लिए, पारंपरिक रूप से आकर्षक महिलाओं पर ज़ोर देने से लड़कियों और महिलाओं में उन जैसा दिखने की भावना पैदा हो सकती है। पॉप संस्कृति के उपभोक्ताओं के रूप में, हमारे लिए इसे आलोचनात्मक दृष्टि से देखना आवश्यक है। हमारे तेजी से विकसित होते समाज में, पॉप संस्कृति हमारे जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पहलू बन गई है। फ़िल्मों, संगीत, टीवी कार्यक्रमों और सोशल मीडिया का प्रभाव लैंगिक भूमिकाओं और रूढ़ियों के बारे में हमारे विचारों को महत्त्वपूर्ण रूप से आकार दे सकता है। इसके अतिरिक्त, मीडिया अक्सर सुंदरता के संकीर्ण मानकों को बढ़ावा देता है, तथा पतले शरीर और गोरी त्वचा को तरजीह देता है। यह बात गोरेपन की क्रीम के विज्ञापनों के प्रचलन और बॉलीवुड में गोरी त्वचा वाली अभिनेत्रियों को प्राथमिकता दिए जाने से स्पष्ट है, जो रंगभेद को बढ़ावा देता है।**

महिलाओं को समाज के हर पहलू में पूर्णतः और समान रूप से भाग लेने का मौलिक अधिकार है। फिर भी, कार्यस्थल, मनोरंजन और राजनीति जैसे क्षेत्रों में, वैश्विक स्तर पर महिलाओं और लड़कियों का प्रतिनिधित्व काफ़ी कम है। समय के साथ इस लैंगिक असमानता से प्रगति की धीमी गति का पता चलता है। पितृसत्तात्मक मानदंडों और परंपराओं का प्रभाव व्यापक और हानिकारक है, जो महिलाओं और लड़कियों के साथ-साथ उनके परिवारों और समुदायों के व्यक्तिगत, वित्तीय और भविष्य की भलाई को प्रभावित करता है। भारत में, पॉप संस्कृति और मनोरंजन मीडिया का प्रभाव लैंगिक मानदंडों और सामाजिक दृष्टिकोण को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, साथ ही धारणाओं, व्यवहारों और कानूनी चर्चाओं को प्रभावित करता है। हालांकि ये माध्यम सामाजिक परिवर्तन ला सकते हैं, लेकिन ये रूढ़िवादिता को भी क़ायम रखते हैं। हमारी तेजी से विकसित होती दुनिया में, पॉप संस्कृति हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गई है। फ़िल्में, संगीत, टेलीविजन कार्यक्रम और सोशल मीडिया हमारी विश्वदृष्टि और अपेक्षाओं को आकार देते हैं। विशेष रूप से लैंगिक भूमिकाओं और रूढ़ियों के सम्बंध में- जैसे कि यह धारणा कि लड़कियों को गुड़ियों से खेलना चाहिए, जबकि लड़कों को कारों से खेलना चाहिए। पुरुषत्व और स्त्रीत्व पर समाज के विचार मीडिया से काफ़ी प्रभावित होते हैं। उदाहरण के लिए, बॉलीवुड की फ़िल्म कबीर सिंह (2019) में मर्दानगी का एक ऐसा संस्करण दिखाया गया, जिसमें पुरुषों के आक्रामक और हावी व्यवहार का महिमामंडन किया गया। इसी प्रकार, मीडिया में पेशेवर भूमिकाओं का चित्रण कैरियर की आकांक्षाओं को आकार देता है। फ़िल्म कारगिल गर्ल (2020) ने लैंगिक भूमिकाओं में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए सेना में महिलाओं की भर्ती को प्रोत्साहित किया। मनोरंजन मीडिया अक्सर लैंगिक न्याय पर राष्ट्रीय चर्चा को बढ़ावा देता है, जैसा कि सत्यमेव जयते कार्यक्रम में देखा गया। जो घरेलू हिंसा और कन्या भ्रूण हत्या जैसे मुद्दों को सामने लाया। लम्बे समय से चल रहे टेलीविजन धारावाहिक भी पारिवारिक लैंगिक भूमिकाओं को स्थापित करते हैं, तथा भारतीय धारावाहिकों में आमतौर पर देखी जाने वाली आज्ञाकारी बहू की रूढ़िबद्ध छवि को क़ायम रखते हैं। जनांदोलनों और सक्रियता के बीच सम्बंध को अक्सर मीडिया प्रतिनिधित्व द्वारा सुगम बनाया जाता है।

फ़िल्म छपाक (2020) ने एसिड अटैक सर्वाइवर्स के संघर्षों पर प्रकाश डाला और आईपीसी के तहत सख्त दंड सहित कानूनी सुधारों की वकालत की। यद्यपि लोकप्रिय संस्कृति ने भेदभावपूर्ण लैंगिक मानदंडों को सुदृढ़ करने में भूमिका निभाई है। इसमें उन्हें चुनौती देने और बदलने की शक्ति भी है। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण है द मार्वलस मिसेज। मैसेल, 1950 और 1960 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें गृहिणी मिरियम मैसेल को स्टैंड-अप कॉमेडी में अपनी प्रतिभा का पता चलता है। इस श्रृंखला को न केवल आलोचनात्मक प्रशंसा मिली, बल्कि इसमें महिला सशक्तिकरण, सपनों की खोज और आदर्श गृहिणी की सामाजिक अपेक्षाओं से मुक्ति जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों को भी उठाया गया। यह लोकप्रिय संस्कृति में अनेक उदाहरणों में से एक है।

संगीत और फ़िल्में प्रायः प्रेम को नियंत्रित और अधिकारपूर्ण दृष्टिकोण से चित्रित करती हैं। कुछ बॉलीवुड गाने जुनूनी पुरुष प्रेमी की छवि को क़ायम रखते हैं। एक्शन फ़िल्मों में अक्सर आक्रामक, प्रभावशाली पुरुषों को रोल मॉडल के रूप में दिखाया जाता है। हाल ही में प्रदर्शित फ़िल्मों में हिंसक और सत्तावादी पुरुष नायकों को प्रमुखता से दिखाया गया है। महिलाओं को आमतौर पर पालन-पोषण करने वाली भूमिकाओं में दिखाया जाता है, जबकि पुरुषों को अधिकार वाले पदों पर रखा जाता है। हालाँकि, फ़िल्म तुम्हारी सुलु (2017) ने अपरंपरागत करियर में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को प्रदर्शित करके इन मानदंडों को चुनौती दी। मीडिया अक्सर सुंदरता के आदर्श के रूप में पतलेपन और गोरी त्वचा को बढ़ावा देता है, गोरापन लाने वाली क्रीम के विज्ञापन प्रचलित हैं, जो बॉलीवुड में गोरी त्वचा वाली अभिनेत्रियों के प्रति वरीयता और रंगभेद को बढ़ावा देने को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, समलैंगिक पात्रों को अक्सर हास्य के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, तथा कुछ फ़िल्में व्यंग्यात्मक चित्रण के माध्यम से समलैंगिक आकर्षण को महत्त्वहीन बना देती हैं। हालांकि मनोरंजन मीडिया ने सामाजिक मुद्दों को आगे बढ़ाने और लैंगिक जागरूकता बढ़ाने में भूमिका निभाई है, लेकिन यह हानिकारक आख्यानों को भी बढ़ावा देता है। भविष्य में सार्थक सामाजिक परिवर्तन के लिए, लिंग-संवेदनशील प्रतिनिधित्व, विविध चित्रण और ज़िम्मेदार कहानी कहने पर अधिक ज़ोर देने की आवश्यकता है।

मीडिया और लोकप्रिय संस्कृति महिलाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण, लैंगिक समानता और सामाजिक मानदंडों को आकार देने में महत्त्वपूर्ण प्रभाव डालती है। फ़िल्में, टेलीविजन, विज्ञापन और सोशल मीडिया या तो उन रूढ़ियों को मज़बूत कर सकते हैं जो महिला सशक्तिकरण में बाधा डालती हैं या फिर सकारात्मक बदलाव के लिए शक्तिशाली एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं।

# प्रगति के पैमानों की अलग-अलग अवधारणाएं, ग्रीन या डिजिटल इंडिया



संजीव ठाकुर

**किसी भी देश के विकास तथा प्रगति के अलग-अलग मापदंड एवं अवधारणाएं हैं द्य भारत 1947 को स्वतंत्रता के बाद से ही पंचवर्षीय योजनाओं के लागू होने के साथ-साथ विज्ञान टेक्नोलॉजी उद्योग और आर्थिक योजनाओं के विकास के साथ-साथ कृषि के विकास पर भी ज्यादा से ज्यादा ध्यान देता आया है। परिणामस्वरूप आज 76 वर्ष के बाद भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दौड़ में शामिल हो चुका है। अब भारत के सामने पर्यावरण बचाने, कृषि तथा उद्योगों को बचाने के लिए नई-नई समस्याएं सामने आ रही हैं. अब भारत के सामने विकास के लिए डिजिटल भारत चाहिए या पर्यावरण बचाने के लिए ग्रीन भारत, इस पर भारत में वैज्ञानिकों,चिंतकों और राजनीतिज्ञों के मध्य गहन विचार विमर्श चल रहा है पर भारत के उदारवादी दृष्टिकोण और निजीकरण के युग में विकास की अवधारणा के बारे में जब भी चर्चा होती है तब स्वाभाविक तौर पर विकास के विभिन्न आयामों पर भी विस्तृत परिचर्चा का पदार्पण होता है।**

विकास प्राप्ति है या साधन है और विकास की संपूर्ण अवधारणा क्या है इस पर एक स्वस्थ बहस की आवश्यकता हैद्य निसंदेह विकास परिवर्तन की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक बदली हुई परिणति ही है, परिवर्तन अथवा विकास के सामने समतामूलक न्याय पूर्ण तथा संपूर्ण समावेशी प्रयासों को मजबूत करने की बात कही गई है और भारत सरकार ने इस पर अपनी आस्था व्यक्त की है , इसी विचार के साथ भारत ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को मजबूती देने का प्रयास किया है भारत को हरित भारत के लक्ष्य को स्वीकार भी किया है। विभिन्न जीव जंतुओं को बचाना तथा वन के परीक्षेत्र को 33त्न लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही है ।वही दूसरी तरफ मरुस्थल बनने से धरा को रोकने के प्रयास और जैव विविधता को सुरक्षित रखने का लक्ष्य की भारत में प्रगति कर रहा हैद्य जलवायु परिवर्तन से भारत को जितना नुकसान हो रहा है इतना किसी भी अन्य देश को नहीं हो रहा है। इसी कार्यक्रम में प्राकृतिक संसाधनों के वितरण प्रकार और गुणवत्ता को जलवायु परिवर्तन से बचाने का प्रयास भी शामिल है ।भारत में इसी संदर्भ में ग्रीन इंडिया जैसी अवधारणा को आत्मसात किया है ग्रीन इंडिया तथा परिस्थितिकी सुधार को संरक्षण दिया है उसमें केंद्र व राज्य सरकारों ने मिलकर एक दशक के लिए लगभग 40, हजार करोड़ रुपए के खर्च होने का अनुमान भी दर्शाया है। सरल शब्दों में ग्रीन इंडिया मिशन को जलवायु परिवर्तन की अनुकूलता को अंदर से देखा जाए उसमें कारबन में कटौती तथा परिस्थिति तंत्रों में मजबूती लाने का प्रयास किया जाएगा ,इसके अंतर्गत बंजर वाली भूमि पर 50 लाख हेक्टेयर पर पेड़ लगाना और 50 लाख हेक्टेयर जमीन पर बढ़ते हुए वनों का संरक्षण भी शामिल है। जिसके फलस्वरूप 30 लाख परिवारों को रोजगार मुहैया कराना साथ ही 50 से 60 लाख तन तक कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने का लक्ष्य तय किया गया। इस तरह ग्रीन इंडिया में भारी भरकम बजट खर्च करने की परियोजना तैयार की गई है। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन में होने वाले नुकसान को इस योजना से रोका जा सकता है। वहीं दूसरी ओर यदि डिजिटल इंडिया की बात करें तो ज्ञान के आधारित अर्थव्यवस्था मैं सुधार डिजिटल पद्धति से ही लाया जा सकता है। भारत देश जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक भी दिखाई देता है। डिजिटल विकास के पास भारत देश में दीमक की तरह फैले हुए भ्रष्टाचार को भी रोका जा सकता है। बिचौलियों की उपस्थिति को भी चुनौती दी जा सकती है वैसे डिजिटल इंडिया प्रशासन सब प्रशासन को काफी मददगार साबित होने वाला है। सरकारी कार्यालयों में समस्त कार्य प्रणाली पेपर रहित हो गए है डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ कार्य किए जाए तो समय के साथ अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाई जा सकती है। भारत सरकार ने अनेक विकास के पैमानों को ध्यान में रखते हुए और अनेक विसंगतियों को दूर करने के इरादे से डिजिटल मिशन के तहत ई गवर्नेंस ब्रॉडबैंड हाईवे, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल, हॉस्पिटल एप स्वच्छ भारत मोबाइल ऐप, डिजिटल लॉकर जैसी सुविधाएं शुरू कर चुका है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**प्रकाश भाबला**
**( सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक )**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजगढ़ में बेजुबान पक्षियों की सेवा हो या किसी अनाथ परिवार के लिए मिशन चलाकर सहायता उपलब्ध कराना, राजकीय विद्यालयों में बच्चों को नि:शुल्क स्टेशनरी, जूते, मौजें सहित आर्थिक सुविधाओं में सहयोग देना इनकी पहचान है। जी हां हम बात कर रहे हैं सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक दूब्बी निवासी प्रकाश भाबला की। इनका जन्म 7 जून 1980 को राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के दुब्बी गांव में हुआ। प्राथमिक शिक्षा अपने गांव दुब्बी से की उसके बाद धमरेड़ व उच्च अध्ययन राजगढ़ महाविद्यालय से किया। बचपन से ही आपकी समाज सेवा में रूचि थी। इनको स्काउट गाइड में उत्कृष्ट कार्य करने पर 1993 में स्काउट गाइड में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया। इन्होंने राजगढ़ महाविद्यालय में एनएसएस में रहकर कॉलेज साथियों की मदद करने, दिव्यांग बच्चों की सहायता करने का जूनून बनाया। 2010 में में डिफेंस में सरकारी सेवा में नियुक्त हुए। नियुक्ति के बाद मन में जनसेवा की भावना करने का मन बनाया। एक बार गरीब परिवार में मुखिया की मौत के बाद युवाओं के साथ मिलकर सोशल मीडिया पर एक मिशन चलाया जिसमें सैकड़ों युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद सर्व समाज हेल्प टीम के नाम से एक टीम बनाई जो आज अनगिनत मिशन चलाकर गरीब परिवार की सहायता कर रहे हैं। साथ ही कोरोना काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना, बेजुबान पक्षियों की मदद करना, वृक्षारोपण करना, राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को जर्सी, जूते, मौजे, स्टेशनरी उपलब्ध करवाना इनके जिदंगी का हिस्सा बन गया है। आज क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के लिए आमजन की आवाज बन गये है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

राजकुमार गुप्ता, राजगढ़

## 2025_059

बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 7 | | | | | | |
| 3 | | | | | 8 | 1 | | 9 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | | 4 | | 2 | 7 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 6 | | | | |
| | | 3 | | 8 | 2 | 9 | | 6 |
| 2 | 9 | | 4 | 3 | 5 | 7 | | 8 |
| | | 2 | 9 | 4 | | 6 | | 5 |
| | 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | | 9 | 3 |
| | 4 | 9 | 8 | | | | 7 | 1 |

**Ans_2025_058**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 7 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सर्व समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** गंगापुर सिटी में 2 मार्च (रविवार) को श्री हनुमान भक्त मंडल, गंगापुर सिटी के तत्वावधान में सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह – 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर, उदेई मोड़ पर दोपहर 12.00 बजे से प्रारंभ होगा। जिला समरसता समिति के संयोजक पूरण मल जाट एवं जिला सह संयोजक डॉ. हेमंत शर्मा (व्याख्याता) ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जातियों एवं समाजों के उन प्रतिभावान कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का गौरव बढ़ाया है। इस सम्मान समारोह में बांसुरी, ढोलक, गिटार, कत्थक, भरतनाट्यम, राजस्थानी लोकगीत, लोकनृत्य, फड़ करतब, नाटक, नाटिका, काव्य, लोक कलाएं, कठपुतली प्रदर्शन, मूकाभिनय, मूर्तिकला, चित्रकला एवं अन्य पारंपरिक कलाओं में निपुण प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि विजय कुमार वर्मा (सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी), विशिष्ट अतिथि डॉ. सुभाष पहाड़िया (प्रधानाचार्य, राजकीय महाविद्यालय, लालसोट) व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा (समाजसेवी एवं निदेशक, कुहू इंटरनेशनल विद्यालय) होंगे! कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. निर्मल शर्मा अमरगढ़िया, डॉ. मनोज जैन, समय सिंह गुर्जर, नरेंद्र आर्य, मोहनलाल शर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा, पूरण मल जाट आदि जुटे हुए हैं।

# गिव-अप अभियान के तहत 4 हजार 945 सदस्यों ने स्वेच्छा से हटवाए नाम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव–अप अभियान चलाया जा रहा है। जिसके के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में चयनित सक्षम परिवार अपना नाम स्वेच्छा से 31 मार्च, 2025 तक हटवा सकते है। गौरतलब है कि इससे पूर्व स्वेच्छा नाम हटवाने के लिए 28 फरवरी तक का समय था जिसे बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दिया गया है। जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम परिवारों द्वारा निर्धारित समयावधि में स्वेच्छा से अपना नाम नहीं हटवाने पर अपात्र परिवारों से बाजार दर से वसूली करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि गिव–अप अभियान के तहत ऐसे व्यक्ति, परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी, अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक आय पारिवारिक आय हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जिविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन छोड़कर) उन्हें अपने क्षेत्र में संबंधित उचित मूल्य दुकानों पर सम्पर्क कर नाम हटाने के लिए आवेदन पत्र भरकर देना होगा। नाम हटवाने के लिए आवेदन पर जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है।

# जैन सोश्यल ग्रुप परिवार मालपुरा के विमल कठमाना अध्यक्ष बने

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** श्री दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप परिवार मालपुरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष विमल कुमार अग्रवाल कठमाना वाले के अलावा सचिव अभिषेक सोगानी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट अनीष जैन, सरंक्षक एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन जैन, प्रकाशचन्द पाटनी, विमल ठेडाणी वाले, माणक कम्पाउण्डर, पन्नालाल जैन, विमल लावा वाले, पवन सुराशाही तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में एडवोकेट पीयूष जैन, अरविन्द सेठी, पवन जैन, दिनेश कालेड़ा, अनील पिपल्या, कमलेश कासलीवाल, महावीर पाटोदी, रिषभ जैन, संजय जैन, अमित जैन को शामिल किया गया। ग्रुप अध्यक्ष विमल कठमाना ने बताया कि ग्रुप के तत्वावधान में शीध्र ही नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# एनिमिया मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत 200 मरीजो को आयरन की गोलिया वितरित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के तत्वावधान में एनिमिया मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शनिवार को दो सो जनो को आयरन की गोलिया वितरित की गई। क्लब सचिव सुनील जैन ने बताया कि सुभाष सर्किल स्थित रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन, सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन, डॉ आस्था जैन, डॉ. शुभम जैन, जानम जैन, सचिव सुनील जैन मौजुद रहे। कार्यक्रम के दौरान 200 जनो को नि:शुल्क आयरन की गोलिया वितरित की गई।

# मोबाइल चोरी के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश एक हरियाणा व दूसरा उत्तर प्रदेश का है निवासी

## आरोपियों ने टोंक जिले में करीब 40 लाख कीमत के चुराए थे मोबाइलों

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** निवाई के झिलाय रोड पर स्थित गोपी टावर में 9 फरवरी को दो मोबाइल की दुकानों में हुई मोबाइल चोरी सहित जिले के 5 स्थानों पर मोबाइल की दुकानों पर हुई चोरी की वारदातों का पुलिस थाना निवाई में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी की रात्रि को चोरों ने जिले में पांच मोबाइल की दुकानों को निशाना कर करीब 40 लाख के मोबाइल चुराए थे। उन्होंने बताया कि चोरों को पकडने में डीएसटी टीम व साइबर सेल टोंक की विशेष भूमिका रही है। एसपी सांगवान ने बताया कि शातिर चोरों को पकडने के लिए पुलिस द्वारा गठित पांच विशेष टीमों द्वारा चार राज्यों में लगभग 2 हजार किलोमीटर तक चोरों की तलाश करते हुए 400 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। वारदात की जानकारी देते हुए एसपी सांगवान ने बताया कि जिले में एक ही रात में अलग–अलग थाना क्षेत्र के मोबाइल की तीन दुकानों के शटर तोडक़र लगभग 40 लाख रुपए के मोबाइल ले जाने सहित राज्य के विभिन्न स्थानों की लगभग आधा दर्जन वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने चोरों द्वारा चोरी किए गए 140 एंड्राइड मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त वाहन ब्रेजा कार व चोरी की हुई नंबर प्लेट को भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि घटना में एडिशनल एसपी बृजेंद्र सिंह भाटी के निर्देशन में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में टीमों को गठित किया गया था। पुलिस ने आरोपी सलमान खान पुत्र इलियास खान जाति मेव उम्र 41 वर्ष निवासी मोहल्ला हटेड़ा, ग्राम उटावड़ जिला पलवल हरियाणा व आरोपी महेश गोयल पुत्र मनोहरलाल उम्र 38 वर्ष निवासी एफएम 764 गोविंद नगर पुलिस थाना मथुरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि शेष आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अन्य कई चोरियों का भी खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने निवाई कस्बे में स्थित गोपी टॉवर से मोबाईल की दुकान के शटर तोडक़र मोबाईल व मोबाइल एसेसरीज चोरी करने इसी प्रकार गोपी टॉवर से दूसरी मोबाईल की दुकान से मोबाईल चोरी, गांव चंदलाई के हाईवे पर स्थित मोबाईल की दुकान से मोबाईल चोरी, उनियारा टोंक के गांव ढिकोलियों से मोबाईल की दुकान से मोबाईल चोरी, टोंक कस्बे से मोबाईल की दुकान से मोबाईल चोरी, सवाईमाधोपुर के थाना उदेई मोड़ के कस्बा गंगापुरसीटी से मोबाईल की दुकान से चोरी एवं चाकसू में स्थित डबोक मेंरिज गार्डन के बाहर खड़ी कार की नम्बर प्लेट तोडक़र उस नम्बर प्लेट को अपनी गाड़ी में लगाकर उक्त सभी वारदातो को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने टीम को उचित पारितोषिक देने की भी घोषणा की है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडिशनल एसपी बृजेंद्रसिंह भाटी, पुलिस उप अधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा, थाना अधिकारी सूरजमल, सदर थाना अधिकारी हीरालाल, डीएसटी प्रभारी हरीमन मीणा सहित अधिकारी मौजूद थे।

### शातिर चोर छुपाते थे वाहन की पहचान

शातिर चोर घटना में उपयोग में लेने वाले वाहन की पहचान छुपाने के लिए वाहन की नंबर प्लेट को बार–बार बदलते रहते थे। स्वयं की भी पहचान छुपाते थे शातिर – चोर अपनी पहचान छिपाने के लिए सिर पर मंकी कैप लगाकर अपने मुंह को दुपट्टे से बांधकर घटना को शातिराना तरीके से अंजाम देते थे।

### इस तरह पुलिस ने पकड़ा आरोपियों को

पुलिस ने शातिर चोरों को पकडने के लिए पूर्व में चालनशुदा आरोपियों का डेटाबेस तैयार किया। इसके बाद 300 संदिग्धों से पूछताछ की। पुलिस ने 18 दिन तक दिल्ली ,यूपी, हरियाणा व राजस्थान में लगभग 2000 किलोमीटर पीछा कर आरोपीयो को गिरफ्तार किया है।

# चनक्या देह बनास नदी में युवक गिरा, सर्च आपरेशन जारी



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चनक्या देह बनास नदी में एक युवक गिर गया, जिसे बाहर निकालने के लिए प्रशासन शाम तक जुटा हुआ था। जिला बचाव एवं राहत दल की सिविल डिफेंस के जवान एवं एसडीआरएफ की टीम का संयुक्त ऑपरेशन चलाकर बचाव एवं सर्च अभियान निरंतर जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लोरवाड़ा के दोबड़ा खुर्द गांव में ठंडीराम पुत्र रामफूल मीना (40) वर्ष जोलंदा पंचायत के मोतीपुरा गांव के चनक्या देह (बनास नदी) में डूब गया । घटना का पता चलने पर आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ एवं जिला स्तरीय बचाव एवं राहत दल को सर्च अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मौके पर उपस्थित जिला कलक्टर शुभम चौधरी , पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता एवं उप अधिकारी अनुप सिंह बचाव एवं राहत दल को निरंतर निर्देशन कर रहे हैं। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक रामकुमार कस्वा के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा ने सामान्य चिकित्सालय के मेटरनिटी होम का किया निरीक्षण, लिया व्यवस्थाओं का जायजा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार शनिवार को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर द्वारा राजकीय सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर के मेटरनिटी होम का निरीक्षण कर प्रसूताओं एवं नवजात बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया । दौराने निरीक्षण चिकित्सालय में मातृत्व देखभाल केन्द्र एवं बीमार नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) यूनिट में साफ–सफाई आदि के संबंध में जांच की गई। दौराने निरीक्षण बीमार नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) यूनिट में दीवारों में सीलन पायी गयी। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा आवश्यक सुधार हेतु दिशा–निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही सभी चिकित्सकीय उपकरणों की नियमित साफ–सफाई करने, सभी दवाइयों एवं उपकरणों का सही तरीके से स्टोर एवं उपयोग सुनिश्चित करने, मेटरनिटी होम में भर्ती महिलाओं एवं नवजात बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उन्हें आवश्यक सुविधाएं एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही गर्भवती महिलाओं को उनके लिये संचालित योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कन्ट्रोलर डॉ. एस.एन. अग्रवाल द्वारा मेटरनिटी होम में गार्ड पर्याप्त संख्या में नहीं होना जाहिर किया। दौराने निरीक्षण शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनिल शर्मा सहित अन्य चिकित्सकगण एवं स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

# निवाई में वन्डरफुल जैनिज्म एवं प्राउड टू बी सेशन क्लासेज कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** मुनि समत्वसागर एवं मुनि शीलसागर महाराज के सानिध्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में वन्डरफुल जैनिज्म एवं प्राउड टू बी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों बालक बालिकाओं ने भाग लिया। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने बताया कि मुनिश्री के नेतृत्व में सेशन क्लासेज आयोजित की गई जिसका शुभारंभ समाजसेवी भंवरलाल चांदसेन एवं विमल पाटनी ने गणाचार्य विरागसागर महाराज एवं आचार्य विशुद्धसागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मंगलाचरण सुनीता जैन ने किया। इस दौरान युवा वर्ग एवं बालक बालिकाओं को जैन मुनि द्वारा विघार्थियों के जीवन में धर्म और शिक्षा के बारे में समझाया एवं धर्म से विमुख होता हुआ युवा से मोटिवेशनल स्पीच करवाएं गए। जिसमें साईबर इन्वेस्टिगेटर आदिश गंगवाल ने आज की युवा पीढ़ी एवं साईबर अपराध पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री ने किया। सुनील भाणजा ने बताया कि शनिवार को श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ के अभिषेक एवं शांतिधारा करके पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के बीच देशभर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया जिसमें सरावगी समाज टोंक अध्यक्ष रमेशचन्द छाबड़ा, प्रकाशचन्द पटवारी, राजेश जैन अरिहंत, अशोक छाबड़ा, मोनू जैन, ज्ञानचंद जैन, आदिश गंगवाल, भंवरलाल चांदसेन, वैभव जैन जयपुर, सौरभ काला हेदराबाद, नवरत्न टोंग्या, शंभु



कठमाणा, विष्णु बोहरा, सुनील भाणजा व महावीरप्रसाद जैन सहित कई लोगो ने पूजा अर्चना कर श्रीफल चढाकर आशीर्वाद लिया।

# पदयात्रा 4 मार्च को होगी रवाना

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** श्री श्याम परिवार मण्डल मालपुरा के तत्वावधान में 4 मार्च मंगलवार को 26वीं पदयात्रा रवाना होकर 9 मार्च को खाटू धाम पहुंच कर बाबा श्याम के दर्शन करेगें। संयोजक गिरिराज सोनी ने बताया कि रोपा, सावर से रवाना होने वाली पदयात्राऐं 3 मार्च मालपुरा पहुंच जाएगी। इन यात्राओं को केकड़ी रोड स्थित रामद्वारा से जुलुस के रूप में सभी मुख्य बाजारो से होकर आदर्श नगर स्थित पाण्डुक शिला तक लाया जाएगा। जहां सम्पूर्ण रात्रि जागरण होगा। वहीं 4 मार्च को सुबह 7 बजे आदर्श नगर स्थित मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद पदयात्रा रवाना होगी। यह पदयात्रा कुड़ली, बंधे के बालाजी, भोजपुरा , पचारा होते हुए 9 मार्च को खाटू धाम पहुंच कर बाबा श्याम के दरबार में पदयात्रा का ध्वज अर्पण किया जाएगा।

# नगर कीर्तन यात्रा का देवली शहर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

## बाबा धन्ना भगत की तपोस्थली धुआं कला गुरुद्वारा पहुंची नगर कीर्तन यात्रा, आज धुआं कला गुरुद्वारा में होगा विशाल समागम





बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** शनिवार को यहां स्थानीय गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा की नानक नाम लेवा संगत ने धुआं कला गुरुद्वारा जाने वाली नगर कीर्तन यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जो बोले सो निहाल के जय घोष लगाएं गए। नगर कीर्तन यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई स्थानीय श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पहुंची इस अवसर पर यात्रा में शामिल सैकड़ो यात्रियों को स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी ने अल्पाहार प्रसादी वितरण की।

जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा अगम गढ़ गुरुद्वारा से धुआं कला गुरुद्वारा जाने के लिए नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। नगर कीर्तन यात्रा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी रथ वाहन में विराजमान रहे। नगर कीर्तन यात्रा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगुवाही में पंज प्यारों के साथ तालेडा बूंदी हिंडोली होते हुए देवली शहर पहुंची इस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा की कमेटी एवं नानक नाम लेवा साध संगत ने यात्रा में शामिल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी एवं पंज प्यारों पर पुष्प वर्षा की और यात्रा में शामिल सैकड़ो यात्रियों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा की नानक नाम लेवा संगत एवं कमेटी ने नगर कीर्तन यात्रा में शामिल सैकड़ो यात्रियों को अल्पाहार अटूट प्रसादी वितरण की इस मौके पर साथ संगत ने जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जय घोष लगाएं तत्पश्चात नगर कीर्तन यात्रा बाबा धन्ना भगत की तपोस्थली धुआं कला गुरुद्वारा के लिए रवाना हो गई इस पुण्य कार्य में समाज के सैकड़ो पुरुष और महिलाओं ने बढ़–चढ़कर सेवाएं भेंट की।

# मोबाइल टावर से आरआरयू मशीन चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार, दोनों चोर हरियाणा के हैं निवासी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने इंडस मोबाइल टावर कंपनी के जयपुर टोंक रोड पर स्थित मोबाइल टावर से आरआरयू मशीन चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर दो आरआरयू मशीन बरामद की है। थानाधिकारी सूरजमल ने बताया कि इंडस मोबाइल टावर कंपनी के मोबाइल टावर से आरआरयू मशीन चोरी होने का प्रकरण दर्ज हुआ था। दर्ज प्रकरण को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्रसिंह भाटी के निर्देशन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने विभिन्न सूत्रों से अनुसंधान करते हुए व मुखबिरों के जरिए जानकारी मिली कि आरोपी हनुमान नगर थाना में चोरी कारित मामले में बंद है। इस पर टीम हनुमान नगर पुलिस थाना, पुलिस जिला भीलवाड़ा पहुंची और गहन अनुसंधान करते हुए दोनों आरोपियों से पूछताछ की। दौराने पूछताछ आरोपियों ने निवाई बाईपास पर स्थित इंडस मोबाइल टावर कंपनी की आरआरयू मशीन चोरी करना कबूला। इस पर पुलिस ने जरिए प्रोडक्शन वारंट आरोपी अमित राठी पुत्र जयसिंह राठी उम्र 27 वर्ष निवासी बखता खेड़ा थाना जुलाना, जिला जिन्द, हरियाणा व विनय पुत्र सीलक राम उम्र 35 वर्ष निवासी पोली थाना जिलाना, जिला जिन्द हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर दो आरआरयू मशीन जब्त कर ली।



### युवाओं की मर्यादा अनुशासन और मिलवर्तन का प्रतीक- निरंकारी क्रिकेट टूर्नामेंट

# खेल स्पर्धा नहीं सोहार्द और आत्मिक उत्थान का माध्यम : निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आध्यात्मिक शांति और खेल भावना के दिव्य संगम को साकार करते हुए 25वे बाबा गुरु वचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट; रजत जयंतीद्ध का भव्य शुभारंभ कल 26 फरवरी को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा हरियाणा में हुआ । इस शुभ अवसर पर परम वंदनीय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजापिता रमित जी ने समारोह का उद्घाटन किया 26 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित और रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट में देश भर के विभिन्न राज्यों से 24 सर्वश्रेष्ठ टीमें प्रति स्पर्धा के लिए चयनित हुई। जिनमें जम्मू, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश एराजस्थान और गुजरात इत्यादि राज्य प्रमुख है इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों का अद्वितीय समर्पण अथक परिश्रम और अटूट उत्साह देखने योग्य है। सदगुरु माताजी के निर्देशानुसार इस भव्य आयोजन का संचालन आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा सचिव संत निरंकारी मंडल के नेतृत्व में किया जा रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने खेलों के प्रति खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने आशीष वचनों में कहा की खेल केवल स्पर्धा नहीं बल्कि सौहार्द सम्मान और टीम वर्क का दिव्य संदेश देता है प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिला की खिलाड़ी जीत हार से परे भाईचारे और समर्पण की भावना से खेल का आनंद ले रहे हैं। बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि सद्भाव अनुशासन समर्पण और भाईचारे का एक सुंदर प्रतीक है यह टूर्नामेंट केवल खेल तक सीमित नहीं बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा भी है। टूर्नामेंट की सुचारू और सफल संचालन के लिए व्यापक प्रबंध भी किए गए जिससे यह आयोजन सुगम स्मरणीय और व्यवस्थित बन सके यह टूर्नामेंट केवल खेल तक सीमित नहीं बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा भी है।

# लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई1 के रीजन 2 सांवरियाँ से 6 नए मेल्विन जोहन्स फाउंडेशन के सदस्य बने



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मेल्विन जोन्स फ़ेलोशिप एक कार्यक्रम है, जिसे लायंस क्लब इंटरनेशनल चलाता है। यह उन लोगों को दिया जाता है जो लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन को दान करते हैं। यह कार्यक्रम लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन की रीढ़ है । यह कार्यक्रम दानकर्ताओं के लिए LCIF के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाने का एक तरीका है। इस कार्यक्रम में, 1,000 डॉलर के दान के बाद 54 मान्यता स्तर हैं हर मान्यता स्तर के लिए एक अलग पिन होता है। 100,000 डॉलर का दान करने के बाद दानकर्ता मानवीय भागीदार बन जाते हैं दुनिया भर में 476,000 से अधिक एमजेएफ प्राप्तकर्ता हैं दुनिया भर में 100,000 से अधिक पीएमजेएफ प्राप्तकर्ता हैं !

अभी हाल ही में अलवर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के तीसरी केबिनेट मीटिंग में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी.एम.जे.एफ.लायन सुनील अरोड़ा, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन अशोक ठाकुर, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एम.जे.एफ. लायन ओ.पी.मंगल द्वारा लगातार मोटीवेट करने पर रीजन 2 सांवरियाँ से 6 सदस्यों ने इस फाउंडेशन में अपना नाम दर्ज करवाया है यहाँ तक की डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के 125 सदस्यों का दल जब वियतनाम गया था वहाँ पर भी मोटिवेशन का कार्य लगातार जारी रहा जिसकी बदौलत पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मानक चन्द गुप्ता , रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष लायन डॉ.मंजू अग्रवाल,लायन डॉ.वी.के.अग्रवाल, लायंस क्लब अलवर मत्स्य के लायन रामबाबू गुप्ता ,लायंस क्लब राजगढ़ से पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन विरेन्द्र कुमार शर्मा पी.एम.जे.एफ. बने है !

मेल्विन जोन्स फ़ेलोशिप के अंतर्गत यह रूपए जरूरतमंद, असहाय लोगो की मदद के लिए काम आता है । एमजेएफ के लिए योगदान व्यक्तियों (गैर-लायंस सहित), क्लबों या जिलों द्वारा किया जा सकता है। दान एकमुश्त या किस्तों में हो सकता है। मेल्विन जोन्स फेलो को एक विशेष लैपल पिन, एक पट्टिका और एक बधाई पत्र मिलता है।

## टीबी मुक्त अभियान के संबंध में आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

### जिले की 244 ग्राम पंचायतें एक साथ टीबी मुक्त होने की ओर अग्रसर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जिला स्तर पर आमुखीकरण कार्यशाला आहयोजित हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पहली बार जिले की 244 ग्राम पंचायतें एक साथ टीबी मुक्त होने की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में इन ग्राम पंचायतों में रोगियों के केसों की संख्या में कमी आई है। इन पंचायतों में अब एक हजार की जनसंख्या पर औसत एक टीबी मरीज रह गया है। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने के लिए ग्राम पंचायत में एक हजार जनसंख्या पर एक या इससे कम टीबी मरीज होने के मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा ये ग्राम पंचायतें अन्य सभी 6 मापदंडों पर भी खरी उतरी है। इस संबंध में विभाग द्वारा ज्य टीबी अनुभाग को रिपोर्ट भेज दी है। अब मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद की अध्यक्षता में सत्यापन हेतु टीम गठित होगी। टीम द्वारा रिपोर्ट तैयार कर जिला कलक्टर को प्रेषित की जाएगी तथा 24 मार्च विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर के अनुमोदन पर पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कपिल भारद्वाज ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस तक विशेष अभियान चलाकर टीबी मुक्त की दिशा में काम किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन को गति देना, समुदाय में टीबी की समय पर पहचान, उपचार एवं रोकथाम को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि जिले की शेष पंचायतों को भी टीबी मुक्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

## विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए आवेदन 9 मार्च तक

### विजेताओं को मिलेगा राज्य विधानसभा और देश की संसद में विचार रखने का मौका

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने हेतु 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर 9 मार्च 2025 तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं । जिला युवा अधिकारी श्री पंकज यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन करने के बाद 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा जिसका विषय है 'आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है' ूंज कवमे अपोपज ठींतंज उमंद जव लवन) इस विषय पर आने वाले वीडियो में से 150 उत्कृष्ट वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके पश्चात 150 प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (वदम छंजपवद वदम मसमबजपवद) विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इन प्रतिभागियों में से 10 प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। इनको राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु विधानसभा जयपुर भेजा जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन प्रतिभागियों का राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम हेतु चयन किया जाएगा जिन्हें पार्लियामेंट दिल्ली में अपने विषय को प्रस्तुत करने के लिए भेजा जाएगा। विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद 2025 के आयोजन के लिए गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय को नोडल महाविद्यालय के रूप में नामित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अलवर और नेहरू युवा केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा, जिसमें जिला अलवर, खैरथल- तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़ एवं डीग के समस्त सरकारी और निजी महाविद्यालय सम्मिलित होंगे।

## पूर्व मंत्री शकुंतला रावत 3मार्च 2025 को करेंगी निजी प्रतिष्ठान का उदघाटन

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र की नगर पालिका बानसूर में राजस्थान की शेरनी पूर्व मंत्री शकुंतला रावत एक निजी प्रतिष्ठान का उदघाटन करेंगी।संस्थान के मालिक पूर्व मनोनीत पार्षद रोशनलाल सैनी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के हरसौरा मार्ग पर एक प्रतिष्ठित कंपनी कज़रिया की करोविट द्वारा निर्मित उत्पादों का भव्य शोरूम खोला जा रहा है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर नारायणपुर गद्दीसीन श्री श्री 108श्री जनार्दन दास जी महाराज करेंगे।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री शकुंतला रावत होंगी।सैनी ने बताया कि जो भी अतिथि आएंगे उनकी चरण रज की तश्वीर ही हमारी तकदीर होगी। क्योंकि क्षेत्र के हमारे सभी प्रतिष्ठान उनके अपने प्रतिष्ठान हैं और रहेंगे। उनके आगमन पर हमारे सौभाग्य उदित होंगे।

# झमाझम बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ी

बढ़ता राजस्थान



**रैणी/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड सहित आस-पास के क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलने से शनिवार शाम को एकाएक मौसम बदला ओर झमाझम बारिश हुई बारिश के साथ चने के आकार के ओले भी आए।

जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश से कटी हुई फसल के खराब होने का डर सता रहा है। व हल्की सर्दी का असर बढ़ा है पिछले दो-तीन दिनों से इसी तरह का मौसम है। अब दिन का अधिकतम तापमान 27 डिग्री के आसपास है। वहीं रात का तापमान बढ़कर 16 डिग्री तक आ चुका है। अब खेतों में सरसों की कटाई जोर शोर पर चल रही है। जैसे ही बादल छाते हैं किसानों की भागदौड़ बढ़ जाती है। कटी हुई फसल पर बारिश से उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ने की सम्भावना है। तथा ओले आने चने,जौ,गेहूं,सरसौ को भी नुकसान होने की संभावना है क्योंकि ओले गिरने से गेहूं,जौ,सरसों की बालियां झड़ने की संभावना बनी रहती है। लेकिन ज्यादा भारी ओले नहीं पड़े जिसके कारण फसल बच गई है। अगले कुछ दिनों के लिए मौसम साफ रहने का अनुमान है। राजगढ़ उपखंड क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में शनिवार शाम को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। आंधी, तुफान के साथ चने के आकार के ओले गिरे, जिसके कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** एमएनसीआई कान्वेंट स्कूल द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तम सैनी को जो राजस्थान ताईक्वांडो संगठन के अध्यक्ष व अलवर जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बी एल मीणा चेयरमेन एम एन सी आई कार्यक्रम में उपस्थित रहें । जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया।कार्यक्रम में मुकेश मीणा (डायरेक्टर )एवं मधु (डायरेक्टर ) उपस्थित रहें। विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा व उपप्रधानाचार्या दीपाश्री ने कार्यक्रम का प्रबंधन किया। सभी खेलो में निर्णायक के तौर पर शीला चौधरी व सुनीता चौधरी ने अपना योगदान दिया।मंच संचालन का कार्य पूजा सैनी व निकिता चौधरी जी ने किया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे खो खो, कबड्डी, सेक रेस, क्रिकेट, उल्टी दौड़,डक रेस और चेयर एंड रिंग गेम जैसे खेलो का आयोजन हुआ। जीतने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत



बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** शनिवार को रैणी थाना क्षेत्र के गांव टहटड़ा में रैणी से जयपुर जा रही रोडवेज बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए रैणी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना की सूचना पर रैणी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की मदद से युवक को रैणी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि मृतक देशराज बाइक से माचाड़ी से अपने गांव टहटड़ा की ओर जा रहा था। इस दौरान रैणी से जयपुर जा रही रोडवेज बस की आमने सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए रैणी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल हारून ने बताया कि घटना के बाद रोडवेज चालक बस को छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक युवक देशराज रैणी के नसियां तिराहे पर ज्वेलरी की दुकान करता था। 25 मार्च को मृतक युवक की शादी थी। सभी परिजन शादी की तैयारी में जुटे हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक को तलाश कर रही है ।

## नेशनल ग्रीन कोर योजना अंतर्गत आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ, राजगढ़ के तत्वावधान में नेशनल ग्रीन कोर योजना अंतर्गत शनिवार को बांदिकुई मार्ग पर स्थित संकल्प औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम (ईपीपी) के तहत सतत उपभोग जीवन शैली विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ताकार अनुराग गौड़ रहें। इसके अतिरिक्त सौर ऊर्जा के प्रचार प्रसार हेतु साइकिल रैली एवं पोस्टर, निबन्ध आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्थानीय संघ सचिव अनुराग गौड ने बताया कि इस अवसर पर इको क्लब संचालित विद्यालयों व महाविद्यालय के स्काउट/गाइड/रेंजर/रोवर ने भाग लिया। कार्यशाला में जिले से सीओ गाइड कल्पना शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ,संकल्प औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक अजय यादव ,स्थानीय संघ के पूर्व सचिव राम प्रताप शर्मा, जगदीश प्रसाद, दिनेशचंद शर्मा, प्रमोद वशिष्ठ, राजकुमार सोनी, राजकुमार यादव, बनवारी सहित स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

## नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो यात्रा से जुड़े क्षेत्र के युवा

### जैसलमेर से प्रारम्भ हुई यात्रा जयपुर पहुँच कर होगी सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले सें युवा नेता ओपी बायला के नेतृत्व मे दर्जनों युवा एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ के द्वारा निकाली जा रही नशा छोड़ो जीवन जोड़ो यात्रा मे शामिल हो रहे है और यात्रा को मजबूती प्रदान कर रहे है । बायला ने बताया की यह यात्रा नशामुक्त राजस्थान के संकल्प के साथ शुरू हुई है और इस यात्रा का जयपुर मे समापन होगा। यह यात्रा समाज में बढ़ते नशे की लत के खिलाफ जागरूकता फैलाने और युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान करती है। एनएसयूआई प्रदेशअध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बताया की यह अभियान सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो हर व्यक्ति को यह सोचने पर मजबूर करेगा कि नशा केवल जीवन को नष्ट करता है, जबकि एक स्वस्थ जीवन सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करता है। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं और एक नशामुक्त समाज की ओर कदम बढ़ाएं! यात्रा मे शामिल हो रहे प्रदेश महासचिव वैभव देव, मालीराम सैनी, प्रदेश महासचिव राजेंद्र यादव, प्रदेश सचिव विनय किराड़, महिपाल चौधरी महेन्द्र जालीवाल नेमाराम मेहरा अजय योगी सहित दर्जनों युवा यात्रा मे भाग ले रहे है।

## मेगा पीटीएम आयोजित, शिक्षकों ने अभिभावकों से साझा की बच्चों की प्रगति रिपोर्ट



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक बैठक (मेगा पीटीएम) का आयोजन हुआ। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि ब्लॉक के समस्त राजकीय विद्यालयों में शनिवार को विभागीय निर्देशानुसार पीटीएम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पीटीएम विद्यार्थियों के हित में शिक्षकों व अभिभावकों के बीच सामंजस्य बनाने का काम करेगी। पीटीएम में शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बालक-बालिका की प्रगति की जानकारी देने के साथ ही शैक्षणिक प्रगति में सुधार के लिए वांछित सलाह भी दी। पीटीएम में मुख्य रूप से कक्षा 3 से 8 के बच्चों को कक्षा स्तर तक लाने के लिए 21 व 22 जनवरी को आयोजित किए गए दक्षता आधारित आकलन-3 के प्रिंटेड परिणाम पत्र उपलब्ध करवाकर बच्चों की प्रगति पर अभिभावकों से चर्चा की गई। इसके साथ ही अपार आईडी कार्ड बनाने का उद्देश्य तथा अपार आईडी कार्ड की भविष्य की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में जानकारी साझा की गई। पीटीएम की बैठक में अभिभावक, एसएमसी/एसडीएमसी सदस्य सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

## 'मिशन आकाश' एनीमिया एवं कुपोषण मुक्तअलवर अभियान के तहत 3 मार्च को विभिन्न स्थानों पर कैम्प आयोजित कैम्प

### गर्भवती महिलाओं व 6 वर्ष आयु तक के बच्चों की एनीमिया एवं कुपोषण की होगी जांच व उपचार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत आज जिले में चलाए जा रहे 'मिशन आकाश' एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अलवर अभियान के तहत 3 मार्च को जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि ब्लॉक मालाखेडा के आंगनबाडी केंद्र बरखेडा-1 व 2, कलसाडा-2, खेडली सैयद, ब्लॉक थानागाजी के आंगनबाडी केंद्र जोधाबास, डूमेडा, बाली की ढाणी, फूतारामपुरा, ब्लॉक उमरैण के आंगनबाडी केंद्र बैलाका-1, भूगोर- 4, देसूला-1 व 4, जाहरखेडा-1, ब्लॉक रामगढ के आंगनबाडी केंद्र खुशपुरी, मूनपुर करमाला, रसगण-1, ब्लॉक खेडली के आंगनबाडी केंद्र खेडा कल्याणपुर, समूची-2, गारू-2, मसारी-2, दारोदा-2, रेटा-1, नगला माधोपुर, मुडिया, ब्लॉक अलवर शहर के आंगनबाडी केंद्र भीमनगर, खुदनपुरी, गुलाब सैयद-1, मीणा पाडी, 80 क्वाटर, स्वर्ग रोड, तीज की पूर्व-3 एवं महताब सिंह का नौहरा में कैम्प आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान आंगनबाडी केंद्रों पर जिले के 0 से 6 वर्ष तक के लक्षित 130449 बच्चों एवं 10537 गर्भवती महिलाओं की एनीमिया एवं कुपोषण की जांच एवं उपचार करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये किए गए हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया वाल्मीकि ट्रॉफी ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी (नि.स.)।** नगर के दशहरा मैदान में वाल्मीकि ट्रॉफी ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि महावीर सिंह कृष्णावत रहे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष रामचंद्र माली, भाजयुमों जिलाध्यक्ष जसपाल गुर्जर, जिला परिषद सदस्य दलपत कुमार मीणा, प्रकाश कुमावत, रमेश गोपावत, कैलाश गुर्जर रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला निकुंभ और बड़ीसादड़ी के बीच खेला गया, जिसमें निकुंभ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 132 रन बनाए। जवाब में बड़ीसादड़ी की टीम 117 रन ही बना सकी और निकुंभ ने जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच साहिल रहे। दूसरा मुकाबला आंबेडकर जूनियर छोटीसादड़ी और भिंडर के बीच हुआ, जिसमें आंबेडकर जूनियर छोटीसादड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। तीसरा मुकाबला में आंबेडकर जूनियर और निकुंभ की टीम आमने-सामने आईं। पहले बल्लेबाजी करते हुए आंबेडकर जूनियर ने 146 रन बनाए। जवाब में निकुंभ की टीम 87 रन ही बना सकी और आंबेडकर ने यह मुकाबला अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच कृष्णा सोनवाल रहे। प्रतियोगिता में इंदौर, जावरा, मंदसौर, भीलवाड़ा, उदयपुर, निकुंभ, बड़ीसादड़ी, प्रतापगढ़, दरीबा, गुलाबपुरा सहित कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को 31 हजार और उपविजेता को 21 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 मार्च को खेला जाएगा।

# हड़मतिया जागीर में कृषि कार्य के दौरान तबीयत बिगड़ने से किसान की मौत

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी (नि.स.)।** जलोदा जागीर थाना क्षेत्र के हड़मतिया जागीर गांव में कृषि कार्य के दौरान एक किसान की अचानक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जलोदा जागीर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने बताया कि मृतक किसान भेरूलाल पुत्र छगनलाल मीणा खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। इस दौरान बैठा बैठा ही रह गया ओर मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह खेत में कृषि कार्य कर रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। भेरूलाल मीणा के निधन से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक किसान के परिवार में दो बेटियां काजल मीणा (10 वर्ष) और कविता मीणा (3 वर्ष), तथा एक बेटा उदल मीणा (5 वर्ष) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# रामगंजमंडी क्षेत्र के दौरे में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का भव्य स्वागत-सत्कार, ड्रोन से बरसाए गए फूल

## क्षेत्रवासियों के अपनत्व से अभिभूत दिलावर ने कहा विकास में कोई कसर बाकी नहीं रहने दूंगा





बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को रामगंजमंडी की जनता द्वारा किए गए भव्य स्वागत-अभिनंदन समारोहों से अभिभूत होकर इनके प्रति हार्दिक आभार जताया। दिलावर ने कहा कि रामगंजमंडी की जनता का मेरे प्रति प्यार और विश्वास अद्भुत है। मैं इनकी प्राणपन से सेवा करके ऋण चुकाने का प्रयास करूंगा।

मंत्री दिलावर ने कहा कि रामगंजमंडी में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव था। अब यहीं जिला चिकित्सालय खोलने की घोषणा हो गई है। इसके शुरू होने पर कोटा वाली सभी चिकित्सा सुविधाएं यहीं मिलने लग जाएंगी। अब यहीं पर पॉलिटेक्निक कॉलेज खुल जाने से बच्चों को तकनीकी शिक्षा के लिए दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। सुकेत कस्बे में राजकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना होगी। चेचट में शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय को आचार्य स्तर पर क्रमोन्नत करने की घोषणा हुई है। ग्राम मदनपुर में नवीन राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय खुलेगा। इसी प्रकार नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नम्बर 7, नयागांव में नवीन प्राथमिक संस्कृत विद्यालय खोलने की घोषणा हुई है। दिलावर ने कहा कि, प्रदेश में संस्कृत के प्रोत्साहन व विस्तार के लिए ग्राम चेचट में आवासीय आदर्श वेद विद्यालय खोलने की घोषणा हुई।

इसके लिए जमीन का भी आवंटन किया जा चुका है। ग्राम अखवा में नवीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय, ग्राम खरीली बावड़ी में नवीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय, ग्राम खैराबाद में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा भी हुई है। ग्राम रावली में उच्च प्राथमिक विद्यालय से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा भी इसमें शामिल है। बालिकाओं को अधिक संख्या में अर्धसैनिक बलों व पुलिस में जाने की आवश्यक सुविधाएं देने की दृष्टि से ग्राम उंडावा, खैराबाद में बालिका सैन्य विद्यालय (आवासीय) खोला जा रहा है। इसके लिए भी 45 बीघा जमीन का आवंटन किया जा चुका है। इसी प्रकार शिक्षा मंत्री ने बजट में क्षेत्र के विकास के लिए की गई अन्य सभी घोषणाओं को भी विस्तार से बताया।

**कमालपुर में 51 किलो का हार पहनाया :** मंडाना मंडल में दोबड़ा में जोरदार स्वागत के बाद मंत्री शमदन दिलावर का काफिला ढाबादेह मंडल के कमालपुरा पहुंचा। यहां उन पर फूलों की वर्षा हुई । सड़क के दोनों ओर क्रेन लगाकर कार्यकर्ताओं ने दिलावर पर लगातार पुष्प वर्षा कर पूरे मार्ग में फूलों की चादर बिछा दी। मंच पर मेघवाल समाज की तरफ से 51 किलो का पुष्पहार पहनाया। ढाबादेह मंडल अध्यक्ष संवार मेघवाल, मंडल प्रतिनिधि मनोज जैन, प्रधान कलावती मेघवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रुक्मणि गहलोत, पूर्व सरपंच शांति बाई, सुकेत मंडल अध्यक्ष नरेंद्र व्यास आदि भाजपाई मौजूद रहे।

### चेचट में ड्रोन से पुष्प वर्ष कर हुआ स्वागत

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के स्वागत-अभिनंदन का जुलूस सुबह 8 बजे से प्रारम्भ हुआ। चेचट ग्राम पंचायत पहुंचने पर दिलावर पर ड्रोन से गुलाब की पंखुड़ियां बरसा कर भावभीना स्वागत किया गया। थोड़ी-थोड़ी दूर पर स्वागत के कार्यक्रमों के चलते दिलावर कार छोड़ कर पैदल ही चल पड़े। वह हाथ जोड़कर हर एक का आभार प्रकट कर रहे थे।

### कहीं संतरों से तो कहीं केलों से तोला

दिलावर को स्वागत अभिनंदन कार्यक्रमों में विभिन्न प्रकार के फलों से तोला गया। चेचट में मौसमी फल संतरों से व मोड़क गांव में केलों से तोला गया।

### दोबड़ा को ग्राम पंचायत बनाने का प्रयास करूंगा

स्वागत सम्मान के पश्चात लोगों को सम्बोधित करते हुए दिलावर ने कहा कि अभी पंचायतों पुनर्गठन चल रहा है। मैं आपकी मांग के अनुरूप प्रयास करूंगा कि दोबड़ा ग्राम पंचायत बने।

# कलाल महिला क्लब सेवा संस्था के सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवजीवन की शुरुआत

## मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने कहा-निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन, सामाजिक समरसता की मिसाल

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** कलाल महिला क्लब सेवा संस्था, कोटा के तत्वावधान में शनिवार को मंगलमय चमत्कारी हनुमान मंदिर, विज्ञान नगर में निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। आयोजक मिथलेश पारेता ने बताया कि इस पुनीत आयोजन में 8 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे और इनके नूतन जीवन की शुरुआत हुई। मिथलेश के अनुसार, संस्था द्वारा आयोजित इस सम्मेलन ने सामाजिक एकता, धार्मिक परम्पराओं और मानवीय सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट चैयरमैन राजेश कृष्ण बिरला रहे। विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी थे। पूर्व अध्यक्ष राहुल पारेत, युवा अध्यक्ष कपिल पारेता, रामपुर पंचायत अध्यक्ष छीतरलाल पारेता, विनोद पारेता आनंद मेवाड़ा, मुकेश मेवाड़ा आदि समाज बंधु एवं भामाशाह इस मौके पर मौजूद रहे।

कलाल महिला क्लब की अध्यक्ष मिथलेश पारेता, महामंत्री ममता पारेता सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर 150 भामाशाहों का सम्मान भी किया गया।

**समरसता की मिसाल :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा, कलाल महिला क्लब सेवा संस्था द्वारा आयोजित यह सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज के समर्पण, सेवा और सहिष्णुता का प्रतीक है। यह आयोजन न केवल नवदम्पतियों के जीवन में खुशियों की सौगात देता है, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द की मिसाल भी पेश करता है।

**धार्मिक परम्पराओं के साथ विवाह सम्पन्न :** सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत सुबह 9 बजे दुर्गा माता मंदिर, विज्ञान नगर से बेंडबाजों के साथ सभी दूल्हों की भव्य बारात निकासी से हुई। बारात का स्वागत चमत्कारी हनुमान मंदिर पर हुआ। यहां तोरण रस्म के पश्चात वर-वधुओं ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसके बाद पाणिग्रहण संस्कार के साथ विवाह की सभी रस्में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न कराई गईं।

### नवदम्पतियों को भेंट की 51 वस्तुएं

कलाल महिला क्लब सेवा संस्था एवं भामाशाहों के सहयोग से नवविवाहित जोड़ों को कन्यादान स्वरूप 51 उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। इनमें दुल्हन के लहंगा, सोने का मंगल सूत्र व नाक का काटा, चांदी की बिछिया, दूल्हे की शेरवानी, प्रेशर कुकर, इलेक्ट्रिक प्रेस, चूड़ा सेट, बाउल सेट, स्टील की टंकी, दुल्हन के चूड़ा सेट, हेंड ग्राइंडर, कांसे की थाली, तांबे का लोटा, हॉटपॉट केसरोल, सिलाई मशीनें, दीवार घड़ी, गिफ्ट हेम्पर, अलमारी, केसरोल, गणेश जी की मूर्ति, पानी का केम्पर, ट्रॉली सूटकेस, बाटी ओवन, पलंग, चौकी, डिनर सेट, गद्दा, तकिया, चादर, डबल बेडशीट विद पिलो कवर और थर्मस बॉटल शामिल हैं।




# कोटा थर्मल में 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता शुरू

- जयपुर डिस्कॉम, झालावाड़ के शाकिर ने रजत और उत्पादन निगम, रावतभाटा के रामेश्वर ने कांस्य पदक जीता
- मुख्य अतिथि राजीव दत्ता ने कहा-खेलों से शारीरिक और मानसिक फिटनेस के साथ केरियर की भी अपार सम्भावनाएं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा थर्मल में 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड की पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताओं का उद्घाटन राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष तथा लोकसभा अध्यक्ष के विशेषाधिकारी राजीव दत्ता ने शनिवार को कोटा थर्मल के सामुदायिक भवन में किया।

इस अवसर पर दत्ता ने विभिन्न राज्यों से आए हुए खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। सभी को जोश एवं अनुशासन से खेलने की सलाह देते हुए प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेंद्र श्रृंगी तथा निदेशक प्रोजेक्ट केएल मीणा थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि दत्ता ने जीवन में खेल की महत्ता के बारे बताया और युवा पीढ़ी को इनमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होनें कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही केरियर की भी अपार सम्भावनाएं हैं। राजस्थान के विभिन्न विभागों में राष्ट्रीय मेडलिस्ट और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सीधे ही नौकरी देने का प्रावधान है। दत्ता ने जल्द ही कोटा में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता कराने की भी जानकारी दी। उन्होंने राजस्थान में विद्युत विभाग के अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता पहली बार कोटा में कराए जाने पर शुभकामनाएं भी दीं।

**खेल नियंत्रण बोर्ड का जताया आभार :** विशिष्ट अतिथि श्रृंगी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उत्पादन निगम को राष्ट्रीय स्तर के खेलों में मेज़बानी देने के लिए अखिल भारतीय खेल नियन्त्रण बोर्ड का आभार जताया। उन्होंने बताया कि राजस्थान के विद्युत निगमों के खिलाड़ियों ने गत 2 वर्षों में अखिल भारतीय स्तर के विभिन्न खेलों की 7 प्रतियोगिताओं में प्रथम बार हिस्सा लेते हुए शानदार प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त किए हैं। पिछले वर्ष 2024 में जबलपुर में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने 4 मेडल प्राप्त किए थे। इस प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन के कारण ही राजस्थान को मेजबानी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र ही विद्युत उत्पादन निगम में इंटर पावर प्लांट प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**पहले दिन ये रहे विजेता :** प्रतियोगिता में पहले दिन हुए रोमांचक मुकाबलों में 59 किग्रा भार वर्ग के पावर लिफ्टिंग में महाराष्ट्र के रवि विजेता और राजस्थान के जयपुर डिस्कॉम झालावाड़ में कार्यरत शाकिर हुसैन उप विजेता रहे। तृतीय स्थान पर मध्यप्रदेश के योगेश कुमार रहे। 66 किग्रा पावर लिफ्टिंग में मध्यप्रदेश के पृथ्वी राज चौधरी विजेता और पंजाब के मनीष शर्मा उपविजेता तथा राजस्थान के उत्पादन निगम रावतभाटा में कार्यरत रामेश्वर तेली तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में अमरजीत, महावीर सुवालका और जिला क्रिकेट समिति के अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

**अतिथियों का किया स्वागत :** कार्यक्रम के दौरान सुनीत जैन, आयोजन समिति अध्यक्ष और हेमंत मदान, संयुक्त निदेशक कार्मिक ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कोटा थर्मल के अभियंता और तकनीकी कर्मचारियों ने अजय विजय, अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# चित्तौड़गढ़ में टोल टैक्स प्लाजा पर तलवार-सरियों से हमला : बदमाशों ने जमकर की तोड़फोड़-जान बचाकर भागे कर्मचारी; टोल टैक्स मांगने पर हुआ विवाद

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा में RSRDC के टोल प्लाजा पर टोल टैक्स मांगने पर बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। टोल टैक्स कलेक्शन के लिए बने केबिन के शीशे तोड़ दिए। इस दौरान कर्मचारियों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। वहीं, सर्वर रूम में भी घुसकर बदमाशों ने तोड़फोड़ की। घटना शुक्रवार शाम करीब 6.15 बजे मंगलवाड़-निंबाहेड़ा स्टेट हाईवे पर स्थित धीनवा टोल प्लाजा पर हुई।

### टोल टैक्स मांगने पर मचाया उत्पात

टोलकर्मी कमल सिंह ने बताया कि निंबाहेड़ा की ओर से शुक्रवार शाम को एक वैन आई, जिसमें करीब 3-4 लोग सवार थे। वैन में बैठे लोगों ने टोल टैक्स देने से इनकार कर दिया और गाड़ी निकालने पर अड़ गए। गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी दी। मामला बढ़ता देख सुपरवाइजर को सूचना दी गई। इस दौरान आरोपियों ने भी फोन कर अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। कुछ देर बाद करीब 10 लोग अलग-अलग वाहनों से हाथों में तलवार और सरिए लेकर टोल प्लाजा पहुंचे। बदमाशों ने मौके पर पहुंचते ही गाली-गलौज करते हुए केबिन में तोड़फोड़ शुरू कर दी। टोल कर्मचारी अपनी जान बचाकर भाग गए। बदमाशों ने केबिन के शीशे तोड़ने के साथ ही मौके पर रखी कुर्सी और अन्य सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा, सर्वर रूम में घुसकर कंप्यूटर व अन्य उपकरणों को सरिए से तोड़ दिया और वहां मौजूद कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी।

### आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

RSRDC परियोजना अधिकारी लोकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम को सोनू कलर और दिनेश माली समेत करीब 10 लोग टोल प्लाजा पर आए। आरोपियों ने लाठियों और सरियों से तोड़फोड़ की, जिससे सरकारी संपत्ति को काफी नुकसान हुआ। टोलकर्मी कमल सिंह की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, घटना की जानकारी ली और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

# दाधीच समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में नव जोड़ों ने लिया पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प

## मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों को बताया देश की आवश्यकता

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** वैदिक मंत्रों व मंगल ध्वनियों की गूंज और नवविवाहित जोड़ों के हर्षोल्लास के बीच शनिवार को तेरहवां दधीचि ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष रविंद्र जोशी ने बताया कि यह आयोजन श्री महर्षि दधीचि छात्रावास समिति की ओर से कोटड़ी स्थित छात्रावास पर किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित समाज के गणमान्य व्यक्तियों की भी मौजूदगी रही। अध्यक्ष जोशी ने बताया कि फुलेरा दूज पर 3 जोड़ों ने एक दूजे का हाथ थामा।

महामंत्री निमेष पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम में कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैनसिह राठौड़ व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन विशिष्ट अतिथि रहे। समाजबंधुओं ने 21 किलों के हार से लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया। नागेश दाधिच ने बताया कि समिति ने लोकसभा अध्यक्ष को स्मृति चिह्न सौंपा। सरस डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह को आभार पत्र दिया। समिति ने निर्माणाधीन भवन के लिए लगभग 51 लाख रुपए के अनुदान की घोषणा करने वाले समाज के भामाशाहों का आभार भी प्रकट किया।

**ऐसे आयोजनों से मिलता समरसता का संदेश :** मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता, सहयोग और समरसता का संदेश जाता है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बिरला ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को देश की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत में मध्यम व गरीब श्रेणी के व्यक्तियों के लिए अपनी बेटी के हाथ पीले करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन इन समस्याओं का हल है। उन्होंने नवदम्पतियों को मंगलकामनाएं दीं।

**पर्यावरण संरक्षण का रखा ध्यान :** नागेश दाधीच ने बताया कि पूरे आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार किया गया। नव जोड़ों ने जीवन भर एक दूसरे का साथ निभाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इसके साथ ही नव जोड़ों ने पौध रोपण करने और उनके सरंक्षण की शपथ भी ली।

# कोटा से श्री सालासर धाम तक की पदयात्रा आज रवाना होगी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दिखाएंगे हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री सालासर सेवा समिति, कोटा के तत्वावधान में श्री सालासर धाम तक की 17 वीं पदयात्रा रविवार सुबह टीलेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होगी। इसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।श्री सालासर सेवा समिति के पदयात्रा संचालन समिति के मुख्य संयोजक पुरुषोत्तम बियानी ने बताया कि बद्री माहेश्वरी, सुरेश शर्मा, दीपक बिहानी, सुनील पालीवाल, विशाल गर्ग, संदीप अटल सहित 52 पदयात्री श्री सालासर धाम के लिए रवाना होंगे। इसके लिए सभी पदयात्री, पदाधिकारी व भक्त सुबह 7.30 बजे टीलेश्वर महादेव मंदिर पर एकत्र होंगे। यहां बालाजी की पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला हरी झंडी दिखाकर पद यात्रियों को भव्य शोभायात्रा के साथ रवाना करेंगे।

# असमानताओं को तत्काल समाप्त करने की आवश्यकता

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** शून्य भेदभाव दिवस का प्रतीक तितली है जो परिवर्तन और बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है शून्य भेदभाव दिवस एक मार्च को मनाते है । शून्य भेदभाव दिवस आए लिंग आयु स्वास्थ्य स्थिति व्यवसाय विकलांगता योन अभिविन्यास नशीली दावों के उपयोग लिंग पहचान जाति वर्ग जातीयता और धर्म के बारे में असमानताओं को समाप्त करने के लिए तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है जो समस्त दुनिया में प्रचलित है यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉक्टर उदयभान सिंह का डॉक्टर सिंह कृषि महाविद्यालय में आयोजित शून्य भेदभाव दिवस पर आयोजित सेमिनार में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ विकास कुमार आर्य डॉक्टर शंकर लाल यादव सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न प्रकार से

कुछ लोग जातियों में अपना प्रभुत्व कायम करने अथवा राजनीतिक लाभ लेने के लिए भेदभाव पैदा करते हैं हमें हमें प्रत्येक मानव चाहे वह मजदूर महिला या फिर कहीं भी निवास करता हो हमें सभी का सम्मान करना चाहिए कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह अशुभ नहीं होता। भेदभाव को किस प्रकार कम करें इसके लिए हमें सुनिश्चित करना होगा कि सामान्य विविधता और समावेश नीति आदित्य निष्पक्ष सम्मान जाना और सभी के लिए सहायक हो ताकि सभी के अधिकारों की सम्मान एवं गरिमा के साथ रक्षा की जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# रूपवास उपखंड मुख्यालय पर एडीजे स्थाई कोर्ट एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की एक दशक पुरानी मांग

## मांगों के समर्थन में राजपूत समाज एवं ई मित्र संघ भी उतरे

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपवास उपखंड मुख्यालय पर वर्ष 1993 से सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ खंड व 1996 से अतिरिक्त सिविल कोर्ट संचालित चला आ रहा है। वर्ष 2000 से अभिभाषक संघ रूपवास के अधिवक्ताओं की अनवरत रूप से मुख्यालय पर एडीजे कोर्ट व एसीजेएम कोर्ट स्थापित करने की मांग चली आ रही है तथा समय-समय पर अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश व मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से मुख्यालय पर इन कोर्ट की स्थापना कराने की मांग करने पर भी किसी भी सरकार द्वारा कोई सुनवाई नहीं की तथा वकील व पक्षकारों के अलावा क्षेत्र के आमजन को 24 वर्ष का समय निकल जाने के बाद भी केवल नेताओं के थोथे आश्वासन के अलावा कुछ हाथ नहीं लगा है। अभिभाषक संघ रूपवास का अनवरत प्रयास आज भी जारी है तथा अधिवक्ता



आज भी मौजूदा सरकार से आश लगाए धरना पर बैठे हुए हैं ।

**रूपवास मुख्यालय पर इन कोर्ट की क्यूं है आवश्यकता :** अभिभाषक संघ रूपवास के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर ने बताया कि रूपवास उपखंड मुख्यालय पर गत 31 वर्ष से अधिक समय से सिविल कोर्ट व अतिरिक्त सिविल कोर्ट संचालित चले आ रहे हैं तथा इन न्यायालयों से होने वाले निर्णय की अपील सहित अन्य मामलों की सुनवाई व विचाराधीन मामलों पैरवी करने के लिए 40 किलोमीटर दूर बयाना एडीजे व एसीजेएम कोर्ट में पैरवी करने जाना पड़ता है जिससे अधिवक्ताओं व पक्षकारों को गत दो दशक से अधिक समय से समय व आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। पाराशर ने बताया कि बयाना में संचालित एडीजे संख्या 2 में केवल रूपवास उपखंड क्षेत्र के विचाराधीन मामलों में सुनवाई होती है इसलिए इस कोर्ट का संचालन रूपवास होना चाहिए था। अधिवक्ताओं ने संघर्ष कर एडीजे केम्प कोर्ट संचालित करवाया जिसे भी एक दशक से अधिक समय हो गया। रूपवास को छोड़कर बाकी सभी उपखंड मुख्यालय पर एडीजे स्थाई कोर्ट,एसीजेएम कोर्ट स्थापित हो चुके हैं जिनमें मुख्य रूप से वैर, कुम्हेर, नदबई,डीग, कामां आदि है जबकि रूपवास की मांग भी काफी पुरानी है लेकिन राजनैतिक पकड़ कम होने की वजह से मुख्यालय पर इन कोर्ट की स्थापना नहीं हो सकी है।

### अधिवक्ताओं की मांग जायज

अधिवक्ताओं द्वारा मुख्यालय पर चलाया जा रहा अभियान क्षेत्र के आमजन के हित में है इसलिए क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के लोग अधिवक्ताओं की हौसला अफजाई के लिए धरना स्थल पर पहुंचकर सरकार से शीघ्र ही निराकरण की मांग करते नजर आ रहे हैं।

# प्राणी मात्र से प्रेम का व्यवहार रखें : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/कामां/डीग/भरतपुर ( रेखचन्द्र भारद्वाज ) ।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार, स्वसमाज और स्वराष्ट्र के उस पार दृष्टिक्षेप करके हम अखिल मानव-जाति तथा प्राणी मात्र से प्रेम का व्यवहार करें। विश्व-बंधुत्व का उदात्त भाव रखें । तथा सभी के साथ मैत्री करें। प्राणी मात्र के प्रति हम मित्र भाव से ही देखें और हमारे मन से सभी अपवित्र विचार श्रृंखला नष्ट हो जाए, हमारे मन में किसी के भी विषय में शत्रु भाव न हो, कोई बड़ा हो अथवा छोटा हो हमारा स्नेह भाव उन पर सदा हो। सत्य



वचन और मृदु भाषा पर अत्यधिक बल दिया है । सत्य जीवन का वह अकाट्य धर्म है जिसने मनुष्य को सामाजिक तथा व्यवहारिक जीवन में प्रतिष्ठा प्रदान किए । साथ ही परलोक का मार्ग भी प्रशस्त किया है ।विजय सत्य की होती है असत्य की नहीं । उन्होंने कहा कि पृथ्वी में धारण करने की क्षमता सत्य से ही आती है?, सत्य के कारण ही सूर्य तपता है। सत्य के बल पर ही वायु का संचरण होता है तथा सर्वस्व की प्रतिष्ठा सत्य में ही है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि धरम न दूसर सत्य समाना। आगम निगम पुराण बखाना। सत्य के बारे में कबीरदास जी भी कहते हैं कि सत्य के बराबर कोई तप नहीं, झूठ के बराबर कोई पाप नहीं। साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप तथा जिसके हृदय में सत्य का वास है वहां भगवान का निवास है।जाके हृदय सांच है, ताकि हृदय आप। उन्होंने कहा कि आग्रह, दुराग्रह, संग्रह, परिग्रह, निग्रह इन पांचो ग्रहों के रहते प्रभु का अनुग्रह नहीं मिलता। इन पांचो से स्वयं विचार पूर्वक ही मुक्त हो सकते हैं अन्य साधन से नहीं। दूसरों के कर्तव्य पालन की चिंता ना करके अपने कर्तव्य का पालन करें।

दूसरों के बारे में सोचना ही है तो सर्वहितकारी चिंतन करें कि किसी के जीवन में अशांति, वेदना, दुख ना रहे। उन्होंने वाणी की मधुरता पर भी पर्याप्त बल दिया। उन्होंने कहा कि मात्र कर्म करते हुए भी हम जीवन तो व्यतीत कर सकते हैं परंतु जीवन में वांछित शाश्वत सुख व आनंद प्राप्त नहीं कर सकते। अतः कोई भी कार्य करने से पूर्व विचार करें। तथा परमात्मा का हृदय से स्मरण करते हुए कर्म करें। संतो, शास्त्रों,महापुरुषों व अवतारों को मात्र अपनी कमियां छिपाने की ढाल ही ना बनाएं। उनसे प्रेरणायें, शिक्षाएं व उपदेश भी ग्रहण करके अपने जीवन में उतारकर जीवन को मर्यादित, आदर्श व दिव्य बनाएं। अपने अंतर में आ चुके असुरत्व को त्याग कर जीवन में दैवत्व को अपनाएं। महाराज श्री ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान कोई वाणी विलास नहीं है जीवन में सदाचार,संयम एवं भक्ति के आने पर जो ज्ञान स्वतः उत्पन्न होता है वही शाश्वत ज्ञान है ।पुस्तकीय ज्ञान ज्यादा नहीं टिकता। ज्ञान अनुभव करें उसे जीवन में उतारें, मात्र दूसरों को उपदेश देने में ही नहीं स्वयं की मुक्ति के लिए उपयोग करो। आचरण में आये बिना ज्ञान की बातें मात्र दंभ व पाखंड है। संसार के सुख क्षणिक है विषयों के ही क्षणिक सुख को प्राप्त करने के लिए मात्र यह अमूल्य जनम नष्ट ना करें। कर्म,भक्ति व ज्ञान का जीवन में समन्वय स्थापित करो।

# बयाना में एक युवक ने कर्ज से मुक्ति पाने के लिए अजीबोगरीब तरीका अपनाया

## उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर खुद के अपहरण की झूठी कहानी रच डाली

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कोतवाली थाने के एएसआई जितेंद्र शर्मा के अनुसार, कस्बे के हाई स्कूल के पीछे रहने वाला राहुल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उसके पिता किशन कोली दिहाड़ी मजदूरी और टेलरिंग का काम करते हैं। राहुल ने पढ़ाई के पैसे खत्म होने पर एम-पॉकेट ऐप से लोन लिया।

ब्याज बढ़ने पर उसने एक परिचित से 40 हजार रुपए और उधार लिए। समय पर कर्ज नहीं चुका पाने और दबाव बढ़ने पर राहुल शुक्रवार शाम को घर से निकल गया। वह ट्रेन से मालीपुरा सेवर में अपने दोस्त योगेश गुर्जर के पास पहुंचा। दोनों ने मिलकर एक खंडहर नुमा हवेली में अपहरण का नाटक रचा। योगेश ने राहुल के पिता को वीडियो कॉल कर 3 लाख रुपए की फिरौती मांगी। घबराए हुए पिता ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर 12 घंटे के भीतर सेवर इलाके की एक खंडहर हवेली से दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने राहुल और योगेश को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।



# जुरहरा में जैन मुनिसंघ का मंगल प्रवेश पंचकल्याणक की तैयारियों का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/ डीग भरतपुर( रेखचन्द्र भारद्वाज )।** जुरहरा क़स्बे में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित पंचकल्याणक महोत्सव को लेकर जैन सन्तों का जुरहरा में आना आरम्भ हो गया है। शनिवार को जैन मुनिसंघ का जुरहरा में मंगल प्रवेश हुआ। स्थानीय जैन समाज लोगों के द्वारा बैण्डबाजों एवं जैन धर्म के जयकारों के साथ मुनिसंघ को कस्बे में मंगल प्रवेश कराया गया। कामां से चलकर जुरहरा पहुंचे मुनिसंघ को श्रीचन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर ले जाया गया जहां उनका पदप्रक्षालन एवं आरती की गई। शाम को मुनिसंघ ने पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष जयंती प्रसाद जैन ने बताया कि कस्बे के नवनिर्मित नेमीश्वर धाम जैन मंदिर पर 5 मार्च से 9 मार्च तक श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एंव विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन आचार्य वसुनन्दी महाराज ससंघ के सानिध्य में किया जा रहा है। आचार्य श्री ने अपने प्रभावक शिष्य मुनि श्रृद्धानंद महाराज एंव मुनि पवित्रानंद महाराज को जुरहरा भेजा है जिनके निर्देशन में पंचकल्याण की तैयारियां की जा रही है। अब तक कमेटी द्वारा अपने स्तर पर की गई तैयारियों का दोनों मुनिराजों ने जायजा लेकर कमेटी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस मौके पर मुनि श्रृद्धानंद महाराज ने कहा कि पाषाण की प्रतिमा को भगवान का रूप देने के लिये पंचकल्याणक किये जाते हैं। प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के जन्म से लेकर मोक्ष तक के जीवन चरित्र का यहां विधि विधान से वर्णन किया जाएगा। गौरतलब है कि आचार्य श्री की सुयोग्य शिष्या समाधिस्थ आर्यिका पदमनन्दनी माताजी की प्रेरणा से कस्बे में नवीन जिनालय नेमीश्वरधाम का निर्माण हो रहा है। कार्यक्रम में कस्बे के अलावा दिल्ली, हरियाणा, यूपी सहित राजस्थान के अन्य कस्बो एंव शहरों से भी जैन महिला-पुरूष एंव बच्चे हिस्सा लेगें।

# विधिक शिविर छात्राओ को दी कानूनी जानकारियां

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** भरतपुर की सामाजिक संस्था एस के शिक्षण संस्थान की ओर से पुलिस कोतवाली बयाना में चल रही महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की ओर से बयाना के गांव वीरमपुरा के आंगनवाड़ी केन्द्र पर एक दिवसीय महिला विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन विधि काउंसलर अनीता सैन एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता राधा धाकड के नेतृत्व में शुक्रवार को लगाया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को बताया कि सोशल मीडिया से संबन्धित बालिकाओ को सावधानी पूर्वक उपयोग करने की सलाह दी इसके अलावा छोटे बच्चों को सोशल मीडिया से मडिया से दूरी बनाए रखने वाली को लेकर अवगत कराकर उन्हे साइबर क्राइम जैसे अपराधो से बचने की जानकारी दी। शिविर में



महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की विधि कांउसलर अनीता सैन एडवोकेट ने बताया कि ग्रामीण महिलाएं और बालिकाऐ निसंकोच होकर अपनी समस्याओ को पुलिस बयाना पुलिस कोतवाली में पर चल रही महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर दें।उन्होने सलाह केन्द्र के नम्बर को भी सार्वजनिक करते हुऐ बताया कि किसी भी प्रकार की कानूनी मदद के लिऐ वह मोबाइल पर भी सम्पर्क कर सकती है। उन्होने कहा कि घरेलू हिंसा, और बालिकाओ से होने वाली छेडछाड को लेकर वह तुरन्त पुलिस को सूचना दे। उन्होने बताया कि अगर बालिकाऐ सीधे पुलिस को रिपोर्ट नही करती है तो वह महिला सेल पर आकर महिला अधिकारी को अपनी समस्या और दुबिधा से अगवत करा सकते है। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया से दूर रहकर वह अपना पढाई पर ध्यान दें। इसके अलावा नये कानूनो को प्रावधानो को बताते हुऐ विधि काउंसलर ने कहा कि सरकार ने अब नये कानूनी प्रावधान बनाये है जिसमें किसी भी स्थान पर होने वाली घटनाओ की जीरा नम्बर की पुलिस रिपोर्ट की सकती है। इसके अलावा उन्होने हिन्दू विवाह अधिनियम, घरेलू हिंसा एक्ट, एससीएसटी एक्ट एवं महिला आत्याचार अधिनियम सहित अन्य कानूनो की जानकारी दी। इस अवसर विधि कांउसलर अनीलता सैन एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता राधा धाकड एवं आंगनबाड़ी सहायिका बीनादेवी आदि मौजूद रही।

# फिजियोथैरेपी का लोग ले रहे लाभ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कस्बे के राजस्थान बड़ौदा ग्रामीण बैंक के पास सुहारी रोड पर सत्यनारायण पांडे के परिसर में गत माह से आयोजित फिजियोथैरेपी केंद्र में लोग अनेकों बीमारियों से राहत पाने के लिए पहुंच कर लाभ उठा रहे हैं। फिजियोथैरेपी केंद्र संचालक प्रेम प्रजापत बताते हैं कि हिंदी में फिजियोथैरेपी को भौतिक चिकित्सा कहते हैं एक आधुनिक पद्धति द्वारा शरीर की शारीरिक गतिविधियों को बेहतर बनाने में यह चिकित्सा मदद करती है इसमें व्यायाम मैनुअल थेरेपी शिक्षा और सलाह दी जाती है

**फिजियोथेरेपी के फायदे :** यह दर्द को प्रबंधित करने में मदद के साथ बीमारी को रोकने में मदद करती है मानसिक तनाव से राहत दिलाता है, यह घुटने पीठ या कमर दर्द जैसे कई रोगों मैं अपना असर दिखाते हुए उपचार करती है। बिना दवा बिना जीरा के कम खर्चीला उपचार है जिसके दुष्प्रभाव की आशंका भी कम है। यह पार्किंसंस, पक्षाघात स्ट्रोक मल्टीपल स्क्लेरोसिस एवं सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित रोगियों के पुनर्वास में भी मदद करता है।



**कंपन क्या करते हैं :** फिजियोथैरेपी में कंपन हड्डियों के खनिज घनत्व को बढ़ाता है और फ्रैक्चर हीलिंग एवं संयुक्त स्थिरता को बढ़ावा देता है संतुलन और गतिशीलता में सुधार करता है मांसपेशियों की ताकत चपालता लचीलेपन और शारीरिक प्रदर्शन में सुधार करता है

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

## कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/डीग/ भरतपुर ( रेखचन्द्र भारद्वाज )।** स्थानीय थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में 10 माह से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जुरहरा थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को रीको इण्डस्ट्रीयल एरिया सोनोखर से करीब 10 माह से हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी सहरून पुत्र समसू जाति मेव निवासी ग्राम चानियाखुर्द थाना जुरहरा को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि दिनांक 08.05.2024 को साहुन खां पुत्र मुहर खां जाति मेव निवासी ग्राम खेडली काजी थाना जुरहरा ने स्थानीय थाने में अपने साथ व अपने परिवारीजनों के साथ सहरून पुत्र समसू व उसके परिवारीजनों द्वारा एकराय मशविरा कर मारपीट करने व जान से मारने की नीयत से अवैध हथियार से फायर करने व महिलाओं को बेअदब कर देने का मामला दर्ज कराया था जिसमें सहरून द्वारा देशी कट्टे से फायर कर सद्दाम नाम के व्यक्ति को घायल करने का आरोप लगाया गया था। उक्त मुल्जिम घटना के बाद से फरार चल रहा था जिसे शनिवार को रीको इण्डस्ट्रीयल एरिया सौनोखर से गिरफ्तार किया गया है साथ ही मुल्जिम के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है।



# सैनी समाज के 26 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का दामन सात फेरों के बीच खाई आजीवन रिस्ते निभाने की कस्मे

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना में सैनी समाज विकास समिति की ओर से फुलेरा दोज पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 26 जोड़ों ने एक-दूजे का हाथ थामा। कार्यक्रम की शुरुआत बयाना कस्बे के व्यापार मंडल भवन से दूल्हों की सामूहिक बिंदोली से हुई। स्थानीय विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह से शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगती है। साथ ही समाज में एकता का भाव बढ़ता है। विवाह स्थल पर वरमाला और फेरों का कार्यक्रम सब्जी मंडी के पीछे बने विशाल पंडाल में हुआ। समाज के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम



प्रस्तुत किए। समिति ने सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान दिया। इसमें एलईडी टीवी, फ्रिज, आलमारी, बेड और अन्य जरूरी सामान शामिल थे। दुल्हनों को सोने की नोजपिन, चांदी की पायल, माला और अन्य आभूषण भी दिए गए। कार्यक्रम में करीब 15 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में सैनी समाज के साथ अन्य समाजों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर ऑल इंडिया सैनी समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, समिति अध्यक्ष गोविंद सिंह सैनी, ख्यालीराम सैनी, जनक सैनी, मुरारीलाल सैनी, सुनील सैनी, अमरसिंह अलबेला समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एक बार फिर अपना घर सेवा समिति बयाना ने किया गरीब परिवार की दो बेटियों की शादी में सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना अपना घर सेवा समिति के पुरुष व महिला इकाई द्वारा गरीब परिवार के गोविंद प्रजापत निवासी भवनपुरा की दो बेटियों एवं रिक्शा चलाकर मजदूरी करने वाले हुकम सिंह कुशवाहा जो बयाना में एमएलए के नाम से प्रसिद्ध है के लिए दो बेटियों की शादी में सामान देकर सहायता की। समिति द्वारा प्रत्येक परिवार को 50 किलो आटा, 15 किलो रिफाइंड तेल, 5 साड़ियां, पैंट-शर्ट, इलेक्ट्रॉनिक प्रेस, बाउल सेट, मग सेट एवं अन्य आवश्यक सामग्री भेंट की गई।

# पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में क्रमोन्नत हुआ उपजिला चिकित्सालय कपासन अब भाजपा राज में चिकित्सकों की नियुक्तियों को तरस रहा

## वायरल बीमारियों से ग्रसित सैकड़ों मरीजो का प्रतिदिन लग रहा जमावड़ा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** मौसम परिवर्तन के चलते क्षेत्र के ग्रामीण अंचल सहित नगर में मौसमी एवं वायरल बीमारियों से ग्रसित मरीजों का ग्राफ बढ़ता प्रतीत हो रहा है।जिसके तहत उपजिला चिकित्सालय केंद्र पर प्रतिदिन चिकित्सकों द्वारा सेकड़ो मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ उपचार लाभ दिया जा रहा है। जानकारी अनुसार उपखण्ड क्षेत्र कपासन में मौसमी एवं वायरल बीमारियों का प्रकोप बढ़ाने से प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों द्वारा उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पहुंचकर उपचार लाभ लिया जा रहा है।जिसमे सर्दी, खांसी, झुकाम, बुखार,सिर दर्द, उल्टी, दस्त आदि वायरल बीमारियो से ग्रसित मरीजों को चिकित्सक कक्ष के बाहर कतारबद्ध उपचार के लिए इंतजार करते देखा जा सकता है।यहां उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पर शनिवार को चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुग्रीव मीणा एवं डॉ. कृष्णकांत शर्मा सहित नर्सिंगकर्मियों द्वारा करीब 305 मरीजों को ओपीडी के माध्यम से उपचार लाभ दिया गया। इधर उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पर कार्यरत चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुग्रीव मीणा ने दैनिक बढ़ता राजस्थान कपासन संवाददाता को संपर्क में बताया कि मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन के चलते क्षेत्र में मौसमी बीमारियो का प्रकोप बढ़ रहा है।जिसके तहत क्षेत्रीय आमजन उत्तम स्वास्थ्य को लेकर पूर्णतया सजगता का पालन करे।आमजन घर एवं प्रतिष्ठानों के इर्दगिर्द साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे तथा आस- पास गंदे पानी का जमाव नही होने दे।

खानपान का ध्यान रखे तथा प्रतिदिन ताजा एवं गर्म खाना खाने सहित गुनगुने पानी का नियमित सेवन कर वायरल बीमारियो से जल्द निजात मिल सकता है।साथ ही किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर समीपवर्ती राजकीय चिकित्सालय केंद्र पर पहुंचकर चिकित्सकों की देखरेख में उपचार लाभ लेवे। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपासन को पूर्ववर्ती कांग्रेस समर्थित अशोक गहलोत सरकार के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी के अथक प्रयासों से सन-2023 में क्रमोन्नत कर उपजिला चिकित्सालय की स्वीकृति जारी हुई थी।परंतु अब सत्ता में विराजमान प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में उक्त उपजिला चिकित्सालय केंद्र को रिक्त पड़े चिकित्सकों के पदों पर नियुक्तियों का इंतजार है।

जिससे ग्रामीणजन एवं क्षेत्रवासियों को सुलभतापूर्वक उपचार लाभ मिल सके।यहां चिकित्सकों के रिक्त पड़े पदों का खामियाजा ग्रामीण अंचल से आने वाले ग्रामीणों एवं इनके अभिभावकों सहित क्षेत्रीय आमजन को भुगतना पड़ रहा है।ऐसा प्रतीत होता है यहां उक्त हालातो से आमजन को होने वाली समस्याओ का समाधान करने वाला कोई नहीं है।

## देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म वर्ष कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** विद्या निकेतन विद्यालय में देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म वर्ष का कार्यक्रम लिया गया। जिसमें लगभग 40 छात्र और 3 शिक्षिका उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में गीत, व्यायाम और खेल,बौद्धिक हुआ। सभी छात्राओं ने उत्साह के साथ आनंद लेकर अहिल्या माता के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को भी बदलने की प्रतिज्ञा की । इस कार्यक्रम में विभाग विस्तारिका तन्वी का उद्बोधन प्राप्त हुआ, इसके पश्चात उद्घोष लगाकर कार्यक्रम की समाप्ति की। खंड कार्यवाहिका निकिता ,नीतू सोनी , अंजली सेन ,ट्विंकल सोनी उपस्थित रहे। विभाग कार्यवाहिका विमला सेठिया ने कहा कि पूरे विभाग में इस तरह के कार्यक्रम की योजना बनी हे ताकि युवा पीढ़ी अहिल्या माता के जीवन से प्रेरणा ले सके। जिला कार्यवाहिका सीमा मेहता ने आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन ने लांगच विद्यालय में पीटीएम कार्यक्रम का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** दक्षता आधारित आंकलन का रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों से साझा करने हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को मेगा पीटीएम कार्यक्रम का क्षैत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांगच में आयोजन किया गया।इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपड़न गोपाललाल शर्मा द्वारा पीटीएम कार्यक्रम का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।साथ ही मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा द्वारा उपस्थित अभिभावकों से वार्ता कर पीटीएम कार्यक्रम के उद्देश्यों संबंधी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। इधर शिक्षा अधिकारी शर्मा द्वारा इस मौके पर कक्षा 10-12 में जारी तृतीय प्री-बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया तथा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियो को प्रोत्साहित किया तथा संस्था प्रधान एवं स्टाफ कर्मियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु निर्देशित किया गया। इस आयोजन में संस्था प्रधान डॉ. एलएल झामड़ सहित अभिभावक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## रामपुरा में तीन दिवसीय फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन शिविर संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुरा मुख्यालय पर तीन दिवसीय फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित हुआ। गंगधार तहसीलदार जतिन दिनकर की अध्यक्षता में शिविर संपन्न हुआ।पंचायत प्रशासक मान सिंह परिहार व समाजसेवी चेन सिंह परिहार विशिष्ट अतिथि रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे। अंतिम दिन किसानों की लंबी कतारें लगीं। शिविर में कुल 990 किसानों की केवाईसी पूरी हुई। 13 किसानों की पीएम किसान सम्मान निधि की ई-केवाईसी हुई। 09 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड मिला। 07 लोगों को मुद्रा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए। 10 वृद्धों की पेंशन वेरिफिकेशन हुई। 43 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच हुई। 04 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए। 36 पीएम आवास सर्वे योजना के तहत पंजीयन हुआ। 115 पशुओं का उपचार किया गया।भामाशाह चेन सिंह परिहार ने 4 टीबी मरीजों को किट वितरित किए। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी ओम सोनी, एलडीसी पुर सिंह चौहान, पटवारी शांता कुंवर, रोशनी यादव, महेंद्र सिंह हाड़ा, सचिव जय सिंह और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत खाताखेड़ी ''फार्मर रजिस्ट्री'' शिविर का निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् झालावाड़ द्वारा ग्राम पंचायत खाताखेड़ी ''फार्मर रजिस्ट्री'' शिविर निरीक्षण किया गया एवं लाभार्थियों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी कार्ड वितरण किया गया एवं पंचायत समिति मनोहरथाना मे विभागीय योजनाओ की प्रगति हेतु समीक्षा की गई है व राजकीय जनजाति बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर बृजपाल सिंह अधिशाषी अभियन्ता जिला परिषद् झालावाड़, कैलाश मीना विकास अधिकारी पंचायत समिति मनोहरथाना, रंगलाल मीना, सहायक अभियन्ता पंचायत समिति मनोहरथाना रामचन्द्र गुर्जर नायब तहसीलदार , पृथ्वीसिंह तंवर प्रधान प्रतिनिधि, दयाराम प्रजापति प्रशासक ग्राम पंचायत खाताखेड़ी, कनिष्ठ तकनीकी सहायक राधेश्याम मीना उपस्थित रहे।

## सामूहिक विवाह एक अच्छी पहल : सूपा

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश )।** बयाना में श्री सैनी समाज सेवा विकास समिति के तत्वाधान में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 26 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष एवं रीको संघ बयाना के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने उपस्थित दूरदराज से आए सैनी समाज के लोगों को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए नव विवाहित 26 जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर रीको संघ बयाना की ओर से पदाधिकारीयों ने अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में 21000 भेंट स्वरूप समाज को प्रदान किए।

## अंतरराज्यीय बावरिया गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार राशि का बटवारा करते पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला कोतवाली थाना पुलिस ने विभिन्न धार्मिक स्थानों से आभूषण एवं नगदी चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गिरोह के तीन महिला एवं दो पुरुषों को गिरफ्तार कर एक लग्जरी कर सोने चांदी के आभूषण एवं 10 लख रुपए नगद जप्त किए हैं आरोपी विभिन्न धार्मिक स्थान पर वारदात को अंजाम देते थे। भरतपुर में एक व्यक्ति को सोने चांदी के आभूषण बेचने आए थे आपस में बटवारा करते समय पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**चोरी के आभूषण भरतपुर में बेचने आये :** प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को प्राप्त जानकारी के अनुसार देश भर में लगने वालेबड़े-बड़े मेलों से बावरिया जाति के लोग चोरी कर भरतपुर में बेचने आए हुए हैं। हाल ही में बागेश्वर धाम से काफी मात्रा में सोने की चैन मंगलसूत्र और सोने के हार चोरी किए हैं

**रुपयों का बंटवारा करते पुलिस ने किया गिरफ्तार :** भरतपुर में सहयोग नगर निवासी विक्की गुप्ता सहित अन्य व्यापारियों को चोरी किए गए जेवरों भेज चुके हैं उनसे प्राप्त रूपों का बंटवारा कर रही है पुलिस की टीम तुरंत दीपा पेट्रोल पंप कंजौली लाइन पहुंची वहां झाड़ियां में तीन महिला एवं दो पुरुष मिले जिन्हें गिरफ्तार कल थाने लाया गया तलाशी में उनके पास 10 लख रुपए सोने चांदी के जेवर मिले पूछताछ में उन्होंने सहयोग नगर निवासी विक्की को चोरी का सभी सामान बेचना बताया।

**कई राज्यों में करते थे वारदात :** बावरिया गैंग की महिला सदस्य मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में होने वाले धार्मिक स्थलों, मेला, जुलूस और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाती हैं। वहां से महिलाएं दूसरी महिलाओं के गले से सोने की चैन, मंगलसूत्र, सोने के हार चोरी कर लेते हैं। इस चोरी में पुरुष गैंग महिलाओं का सहयोग करती है। उसके बाद सभी चोरी किए गए आभूषणों को गैंग के लोग बेच देते हैं और उनसे प्राप्त रुपयों का बंटवारा कर लेते हैं।

**आरोपियों से 10 लाख कैश, 1 कार सहित आभूषण जब्त :** पुलिस ने आरोपियों से 10 लाख रुपये कैश, एक लग्जरी कार, 2 सोने जैसी अंगूठी, 2 चांदी जैसी अंगूठी, एक मोतियों की चैन जिसमें सोने जैसी धातु के तीन लॉकेट लगे हैं, एक टूटी हुई मोतियों की चैन जिसमें सोने जैसी धातु का पेच लगा है। एक रुमाल में बंधे चांदी जैसी धातु के बच्चों के लच्छे, चांदी जैसी धातु की एक जोड़ी पायल, 1 तुलसी की माला, आभूषण तोलने वाला एक छोटा कांटा जब्त किया है।

**भरतपुर, धौलपुर और हरियाणा के रहने वाले है आरोपी :** सभी आरोपी ने अपने नाम सुनीता निवासी कच्ची बस्ती कोतवाली भरतपुर, रेखा निवासी राजाखेड़ा धौलपुर, कृष्णा निवासी जाटू श्याणा हरियाणा, दीपक निवासी कच्ची बस्ती भरतपुर, प्रमोद निवासी बिचौला थाना राजाखेड़ा जिला धौलपुर होना बताया है।

# राजस्थान पुलिस के सेवानिवृत हैड कानि. स्व. रामलाल बैरवा की तीसरी पुण्य तिथि पर एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श जांच एवं भर्ती शिविर का हुआ आयोजन

## एक दिवसीय चिकित्सा शिविर में 457 मरीजों ने करवाया अपना स्वास्थ्य प्रशिक्षण, 21 रोगियों का ऑपरेशन के लिए हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान





**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** राजस्थान पुलिस के सेवानिवृत हैड कानि. स्वर्गीय रामलाल बैरवा की तीसरी पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श जांच एवं भर्ती शिविर का आयोजन निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक सूरज कुमार द्वारा 28 फरवरी को अपने पैतृक गांव नेगड़िया कलां तहसील बस्सी जिला चित्तौड़गढ़ में निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के विशेष प्रतिनिधि एवं सर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष पुष्कर सोनी एवं चितौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के विशेष प्रतिनिधि व जिला भाजपा मंत्री सीपी नाम धराणी, एससी मोर्चा अध्यक्ष विजय बैरवा व चितौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के विशेष प्रतिनिधि एवं ग्राम घोसुंडी सरपंच गोपाल सिंह चुंडावत आदि के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। एएसआई सूरज कुमार ने बताया कि एक दिवसीय शिविर में कुल 457 मरीजों ने भाग लेते हुए अपना स्वास्थ्य प्रशिक्षण करवाया। शिविर में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल उदयपुर की स्पेशलिस्ट चिकित्सकीय टिम द्वारा शिविर में भाग लेने वाले लोगों को बीमारियों की रोकथाम और बचाव के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही उन्हें सही तरह की जांच, स्क्रीनिंग, और उचित इलाज के लिए परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 21 मरीजों को नेत्र,नाक, कान,गला, हर्निया आदि के रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन कर रोगियों को बस द्वारा निःशुल्क पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल उदयपुर ले जाकर भर्ती करवाया गया। जहां निःशुल्क भर्ती परामर्श के साथ रहना - खाना एवं सभी प्रकार के निःशुल्क ऑपरेशन, निःशुल्क ईसीजी, एक्सरे, सिटी स्कैन, सोनोग्राफीय, इको कार्डियोग्राफी,मेमोग्राफी सहित सभी प्रकार कि जांचे एवं निःशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर में एएसआई सूरज कुमार के संयुक्त परिवार द्वारा सशक्त योगदान व शिविर में भाग लेने वाले अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर 53 स्कूली बच्चों को निःशुल्क स्कूल बैग भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर समाजसेवी कुलदीप नाहर,जिला उपाध्यक्ष जगदीश भांड,पंचायत समिति सदस्य छोटू धाकड़,गीतांजलि एकेडमी के निदेशक दिनेश पहाड़िया,पत्रकार संजय खबिया,श्याम सुंदर अग्रवाल,समाजसेवी संजय सिंघवी,हिमांशु बैरवा, अशोक बैरवा, शांतिलाल बैरवा,रामेश्वर बैरवा घोसुंडी,राजू बड़ोदिया,मानव अधिकार सुरक्षा संगठन टीम की संभाग उपाध्यक्ष मनीषा मोदी, जिलाध्यक्ष रेखा पारख, तहसील अध्यक्ष शिखा जैन, तहसील यूथ अध्यक्ष भगवती प्रजापत, विनोद आंचलिया, नीलू शर्मा,डॉ.कलाम सोसायटी संस्थापक अशरफ मेव,पत्रकार शकील अहमद,मोईन खान, समाजसेवी मोहसिन खान,जमील उर्फ भाया बैटरी, इस्माइल खान आदि उपस्थित थे।

## मेटरनिटी होम का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनील कुमार गोयल द्वारा श्री सांवलियाजी राजकीय जिला चिकित्सालय में स्थित महिला एवं बाल अस्पताल के मेटरनिटी होम का निरीक्षण किया गया। सचिव ने वहां उपस्थित सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल अस्पताल के प्रमुख डॉ प्रवीण शर्मा और उनका समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। डॉ. प्रवीण शर्मा द्वारा सचिव गोयल को बताया गया कि उनके यहाँ आने वाली समस्त महिलाओं की उचित देखभाल व समय-समय पर मोंनिटरिंग की जाती है। सचिव गोयल द्वारा सभी वार्डों का निरीक्षण किया गया। मेटरनिटी होम में उपलब्ध दवाईयों का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही वहाँ पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, नर्स, सफाई कर्मचारी आदि उपलब्ध है या नहीं तथा वहाँ उपस्थित मरीजों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है या नहीं इनकी जानकारी ली गयी । इसके साथ ही सचिव गोयल द्वारा सभी जरूरतमंदों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गये।

## राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा मनाया गया फागोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष कमलेश गौतम के तत्वावधान में फागोत्सव मनाया गया। कमलेश गौतम ने बताया कि फागोत्सव के इस कार्यक्रम में फाग के गीतो पर सभी महिलाओं ने नृत्य किया तथा एक दूसरे के गुलाल लगायी गई वहीं फूलो के साथ भी होली खेली गई। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दुर्गेशनन्दनी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, जिला महासचिव प्रज्ञा व्यास, जिला उपाध्यक्ष तरूणा तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजनी बाला व्यास, कमलेश शर्मा, इन्दरा दुबे, लता तिवारी सहित महिलाएं उपस्थित रही।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत ड्राइवर फरार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी(नि.स.)।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा महवा मार्ग पर महू की गंभीर नदी के पुल के पास शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे हुआ।महू चौकी प्रभारी महेश चंद ने बताया कि महवा मार्ग पर एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महू निवासी बलवीर सिंह सोलंकी (56) की मौत हो गई। बलवीर सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्य थे। बलवीर सिंह सरसों की कटाई के लिए थ्रेसर मशीन लेने महू से घोंसला की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान महवा की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो ने गंभीर नदी के पुल के पास रात करीब 8:30 बजे उनकी बाइक को टक्कर मार दी।घायल बलवीर सिंह को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## रमजान माह की चांद रात पर कपासन में जायरीनो का हुजूम उमड़ा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रमज़ान माह की चांद रात पर जायरीन का हुजूम उमड़ा। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खां अशरफी ने बताया कि शनिवार दिनभर आशिके दीवाना का आवागमन बना रहा।आस्ताना ऐ आलिया मे स्थित मुख्य मज़ार पर चादर,फूल, अगरबत्ती,इत्र पेश करने के लिये जायरीन की लंबी कतारे लगी रही।आहाता ए नूर मे महफिले मीलाद व महफिले समा का कार्यक्रम दिनभर जारी रहा।साथ ही दरगाह के मेला ग्राऊण्ड मे 300 से अधिक अस्थाई प्रतिष्ठान लगे।सुरक्षा को लेकर करीब 30 गार्ड लगाये गये।दरगाह की औलिया मस्जिद मे हाफिज शाकीर कादरी की ईमामत मे तराविह की नमाज अदा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि दरगाह वक्फ कमेटी कपासन की जानिब से जायरीनो के लिए छाया-पानी का माकूल प्रबंध किया गया।चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की तो आमीन-आमीन की सदा से दरगाह परिसर गूंज उठा।

## 1 मार्च 2025 शनिवार को न्यू मार्केट व्यापार संघ के चुनाव

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** 1 मार्च 2025 शनिवार को न्यू मार्केट व्यापार संघ के चुनाव अध्यक्ष महेश पोरवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इसमें पुरानी कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया एवं नया बाजार की नई कार्यकारिणी करने गठित के लिए चर्चा की गई इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए श्याम सुंदर सोनी महासचिव पद के लिए अविनाश मित्तल कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र जी ढींगराके नाम पर समस्त पदाधिकारी ने चयन किया गया । पूर्व महासचिव आनंद जी शर्मा पूर्व अध्यक्ष महेश जी पोरवाल कमल तिलानी नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा बसंती लाल जी गुप्ता राहिलखान सुरेंद्र कड़वासरा राजेंद्र गुप्ता संजय खत्री जितेंद्र जगम जगदीश अरोड़ा अनंत मित्तल राजेंद्र चौधरी पंकज सोनी रौनक चौधरी जगदीश अरोड़ा राजेंद्र ढींगरा पंकज जी सोनी वैभव टेलर प्रेम चौधरी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।


जय खाटू नरेश
श्री श्याम फाल्गुन मेला 2025
(दिनांक 28 फरवरी से 11 मार्च 2025 तक)
सुगम व सुलभ आवागमन
कुल 650 बसें, 62 ट्रेन व 10 मेला स्पेशल ट्रेन, 50 शटल बस एवं 400 ई-रिक्शा
• जयपुर-सीकर हाईवे से आने वाले छोटे वाहन मण्डा होते हुए 52 बीघा पार्किंग में प्रवेश और शाहपुरा कट से निकास
• जयपुर-सीकर हाईवे से आने वाले बडे वाहन यथा कॉन्ट्रेक्ट बस, ट्रेक्टर-ट्रॉली व मिनी बस पलसाना रोड़ से होते हुए सांवलपुरा पार्किंग स्थल तक व निकास अलौदा गोवटी रोड़
• जयपुर रेनवाल रोड़ से आने वाले सभी प्रकार के वाहन सीतारामपुरा जोहड़ी पार्किंग स्थल तक
• रींगस से खाटू रोड़ केवल पैदयात्री मार्ग। इस रोड़ से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित
नोट : सभी पार्किंग स्थलों से ई-रिक्शा सुविधा उपलब्ध
चिकित्सा सुविधा
• 10 मेडिकल कैम्पस, 3 कंटीजेन्सी अस्पताल लखदातार ग्राउण्ड, लामिया तिराया व अलौदा तिराया जिसमें निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार व्यवस्था
• 25 एम्बुलेंस जिसमें से 08 एम्बुलेंस मंदिर प्रन्यास द्वारा
सफाई व्यवस्था
• सफाई व्यवस्था हेतु 600 सफाई कर्मी एवं कचरा निस्तारण हेतु 24 ट्रेक्टर व ट्रॉली जिनकी 24x7 सेवायें
• 300 स्थायी शौचालयों का निर्माण व 382 कैमिकल टॉयलेट व 141 युरिनल की व्यवस्था
रोशनी व्यवस्था
• 41 स्थानों पर अस्थाई अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन, 30 साउण्ड प्रुफ जनरेटरों की व्यवस्था
सुरक्षा व्यवस्था
• मेला क्षेत्र में कुल 10000 सुरक्षाकर्मी, होमगार्ड, सिक्योरिटी गार्ड एवं स्वयं सेवक
• कुल 22 पुलिस सेक्टर व 9 प्रशासनिक सेक्टर
• सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 400 से अधिक CCTV कैमरों व 06 ड्रोन से निगरानी
• 14 दर्शन कतारों में DFMD व बैगेज स्केनर मशीन से सुरक्षा जाँच
• 20 पुलिस व प्रशासन सहायता केन्द्र
मंदिर दर्शन व्यवस्था
• खाटू तौरण द्वार डायवर्जन से चारण खेत होते हुए लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
• मांगीराम धर्मशाला से होते हुए रैलानियों की ढ़ाणी से होते हुए लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
• जयपुर रेनवाल से आने वाले भक्तगण सीताराम पुरा जोहड़ी होते हुए चारण खेत लखदातार ग्राउण्ड से मंदिर
पेयजल व्यवस्था
• पर्याप्त पेयजल व्यवस्था 1 करोड़ से अधिक पानी के पाऊच, 20 पानी के टेंकर, 2000 लीटर क्षमता की 25 पानी की टंकियाँ व 06 स्थानों पर जल मंदिर निर्माण
विशेष सूचना
1. मेला अवधि में वी.आई.पी. दर्शन की सुविधा पूर्णत: बन्द रहेगी।
2. डी.जे. पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेगा।
3. इत्र की शीशी व काँटेदार फूल मंदिर में साथ लेकर आना वर्जित है।
4. निशान/ध्वजा 8 फिट से अधिक उँचाई की नहीं हो।
5. किसी भी वाहन को पार्किंग से खाटू कस्बे में आने की अनुमति नहीं होगी। खाटू कस्बा मेला अवधि में नो-व्हीकल जोन घोषित।
भक्तों की राह सुगम और सुलभ करने के लिए मंदिर प्रन्यास एवं प्रशासन की ओर से नवाचार
नियन्त्रण कक्ष एवं मेला संबंधी जानकारी के लिए स्केन करें
पृथ्वी सिंह चौहान
अध्यक्ष
मानवेन्द्र सिंह चौहान
मंत्री
कालू सिंह चौहान
कोषाध्यक्ष
ट्रस्टी : गोपाल सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह चौहान, इंद्र सिंह चौहान, राजवेन्द्र सिंह चौहान
श्री श्याम मंदिर कमेटी (रजि.) खाटूश्याम जी, जिला- सीकर (राज.)



# शोभिता शादी के कुछ महीने बाद काम पर लौटीं

## हैदराबाद में अपकमिंग फिल्म की शूटिंग कर रही हैं; 2024 में नागा चैतन्य से शादी की

साउथ एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने दिसंबर 2024 को नागा चैतन्य से शादी की। एक्ट्रेस ने शादी के बाद काम से कुछ समय का ब्रेक लिया। हालांकि, अब वह काम पर वापस लौट आई हैं। उन्होंने हैदराबाद में अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है।

### जल्द ही नई फिल्म में नजर आएंगी शोभिता

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, शोभिता पिछले कुछ समय से हैदराबाद में शूटिंग कर रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस जिस फिल्म के लिए काम कर रही हैं उसके बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मेकर्स ने अब तक फिल्म के नाम को भी पब्लिक नहीं किया है। हाल ही में एक्ट्रेस की फिल्म सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

### फिल्म के सेट से लुक लीक हुआ

फोटोज में शोभिता काफी सिंपल लुक में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस फोटो में ब्लैक और ब्राउन कलर का सूट पहने हुए दिखाई दे रही हैं। जिसे देखने के बाद फैंस ये अंदाजा लगा रहे हैं कि वह फिल्म में डी-ग्लैमराइज्ड किरदार निभा सकती हैं।

### एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में काम किया है

पिछले कुछ साल में शोभिता कई फिल्मों में नजर आई हैं। एक्ट्रेस ने 'मेड इन हेवन', 'द नाइट मैनेजर', 'गुडाचारी', 'मेजर' और 'पोन्नियिन सेल्वन' फ्रैंचाइजी में शानदार भूमिका निभाई है।

### साल 2024 में किया हॉलीवुड डेब्यू

शोभिता को आखिरी बार अप्रैल 2024 में फिल्म मंकी मैन में देखा गया था। यह फिल्म डायरेक्टर देव पटेल के साथ उनकी हॉलीवुड डेब्यू थी।

### 2024 में नागा चैतन्य से शादी की

बता दें, शोभिता धुलिपाला ने नागा चैतन्य से 4 दिसंबर, 2024 को शादी की थी। यह शादी हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में हुई थी। शादी में परिवार और दोस्त शामिल हुए थे। इस शादी में शोभिता ने पारंपरिक साड़ी पहनी थी और नागा चैतन्य ने अपने दादाजी का पांचा पहना था।

### इसी साल अगस्त में कपल ने की थी सगाई

इसी साल अगस्त में शोभिता ने नागा से सगाई की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों की प्राइवेट सेरेमनी नागा चैतन्य के पिता नागार्जुन के घर पर हुई थी। नागार्जुन का घर हैदराबाद के पॉश एरिया जुबली हिल्स में स्थित है। सगाई की तस्वीरें भी नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर शेयर की थी।

# पौराणिक शो वीर हनुमान हुआ लॉन्च

## चाइल्ड आर्टिस्ट आन तिवारी बने बाल हनुमान, उज्जैन के रामघाट पर दिखा भव्य 3 डी स्काई प्रोजेक्शन

वीर हनुमान एक नया पौराणिक शो है, जो भगवान हनुमान की अनसुनी कहानियों और उनके साहस, शक्ति और भक्ति की यात्रा को दिखाएगा। इसमें हनुमान जी के बचपन की मासूमियत से लेकर उनकी अद्भुत क्षमताओं तक की झलक मिलेगी।

### स्टारकास्ट और किरदार

इस शो में कई जाने-माने कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। आरव चौधरी भगवान हनुमान के पिता केसरी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सायली सालुंखे उनकी माता अंजना की भूमिका में नजर आएंगी। एक्टर माहिर पांधी इस शो में सुग्रीव और बाली के किरदार में दिखेंगे, वहीं बाल हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं चाइल्ड आर्टिस्ट आन तिवारी।

### कलाकारों ने शेयर किए अपने अनुभव

शो के लॉन्च के मौके पर पूरी स्टारकास्ट मौजूद रही और उन्होंने अपने अनुभव शेयर किए। हनुमान के पिता केसरी का किरदार निभा रहे आरव चौधरी ने कहा, 'यह शो भगवान हनुमान की दिव्यता और महानता को दिखाने वाला है। कहानी केसरी और अंजना की संतानहीनता से शुरू होती है और फिर



कैसे महादेव की कृपा से हनुमान जी का जन्म होता है, यह सब दर्शकों को देखने मिलेगा। शो में केसरी के राजपाठ और किश्किंधा राज्य के संबंधों पर भी रोशनी डाली गई है।

बाल हनुमान की भूमिका निभा रहे आन तिवारी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। इसमें हनुमान जी के जीवन की अनसुनी कहानियां दिखाई जाएंगी, जो ऑडियंस को काफी पसंद आएंगी। यह शो सिर्फ एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि एडवेंचर और इमोशन्स से भरा हुआ है।

# मनीष का मैसेज देख प्रियंका की आंखों में आए आंसू

## दोस्ताना की शूटिंग के दौरान मनीष मल्होत्रा ने गलती से भेजा था पर्सनल मैसेज



प्रियंका चोपड़ा जब दोस्ताना की शूटिंग कर रही थीं, तब उनके साथ कुछ ऐसा हुआ जो उन्हें अंदर तक चुभ गया। दरअसल, फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने उन्हें गलती से एक ऐसा मैसेज भेज दिया था, जो उनके लिए नहीं था, बल्कि करण जौहर के लिए था। लेकिन उसमें प्रियंका के लिए ऐसी बातें लिखी थीं, जिससे उन्हें गहरा झटका लगा। लेहरें रेट्रो के इंटरव्यू में वरिष्ठ पत्रकार भारती एस प्रधान ने इस पूरे किस्से का जिक्र किया। बातचीत के दौरान प्रियंका की मां मधु चोपड़ा को भी यह सुनकर हैरानी हुई कि उनकी बेटी इस घटना के बाद सेट पर रोने लगी थी।

### क्या था पूरा मामला?

प्रियंका चोपड़ा और मनीष मल्होत्रा की प्रोफेशनल केमिस्ट्री पहले से ही खास नहीं थी। दोस्ताना उनकी पहली फिल्म थी, और दोनों के बीच खास मेलजोल नहीं था। शूटिंग के आखिरी दिनों में जब गाना देसी गर्ल फिल्माया जा रहा था, तब करण जौहर ने मनीष को मैसेज किया, फिल्म सिटी आ जाओ। आज आखिरी दिन है, इससे तुम्हें छुटकारा मिल जाएगा। जवाब में मनीष ने लिखा, भगवान का शुक्र है, यह मेरा प्रियंका के साथ आखिरी दिन है। लेकिन गलती से यह मैसेज करण के बजाय प्रियंका के पास चला गया।

### प्रियंका की आंखों में आ गए आंसू

यह मैसेज पढ़ते ही प्रियंका अंदर तक आहत हो गईं और सेट पर ही रोने लगीं। करण जौहर को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने मनीष से पूछा कि उन्होंने ऐसा क्या कर दिया कि प्रियंका सेट पर रो रही हैं? तब जाकर मनीष को एहसास हुआ कि उन्होंने गलत नंबर पर मैसेज भेज दिया था। मधु चोपड़ा ने इस इंसिडेंट को बड़ी गलती करार दिया। हालांकि, प्रियंका ने इस पूरे मामले को बहुत खूबसूरती से संभाला। उन्होंने मनीष से सीधा पूछा, मैंने ऐसा क्या किया? प्रियंका के इस व्यवहार ने चीजों को और बिगड़ने से बचा लिया। इस वाकये के बावजूद दोनों के रिश्ते सुधर गए और आगे चलकर वे अच्छे दोस्त बन गए। यहां तक कि मनीष बाद में प्रियंका से मिलने के लिए फ्रांस के नीस शहर भी गए थे, जहां वह किसी फिल्म की शूटिंग कर रही थीं।

### जब तरुण मनसुखानी से हुआ था टकराव

इसी बातचीत में मधु चोपड़ा ने यह भी बताया कि दोस्ताना के डायरेक्टर तरुण मनसुखानी बहुत सख्त मिजाज के थे। एक बार प्रियंका को तेज बुखार था, लेकिन तरुण ने फिर भी उन्हें सेट पर आने के लिए मजबूर किया। मधु ने तब साफ कहा था, अगर आपको मेरी बेटी को सेट पर ही मारना है तो भेज देती हूं, लेकिन अगर उसे कुछ हुआ तो आप जिम्मेदार होंगे। हालांकि, वक्त के साथ यह मामला भी सुलझ गया और प्रियंका व तरुण के बीच रिश्ते सामान्य हो गए।

# सुनीता का पुराना वीडियो हुआ वायरल : गोविंदा से अलग रहने की वजह बताई; तलाक की अफवाहों को लेकर सुर्खियों में है कपल

गोविंदा और उनकी वाइफ सुनीता आहूजा काफी समय से तलाक की खबरों के लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच सुनीता का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें सुनीता ने कहा कि उन्हें कोई भी गोविंदा से अलग नहीं कर सकता। साथ ही यह भी बताया कि वह क्यों गोविंदा से अलग रहती हैं।

### क्यों फैली तलाक की अफवाह

सुनीता आहूजा ने हिंदी रश को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि वह और गोविंदा पिछले 12 साल से अलग-अलग घर में रह रहे हैं। और तो और, वह अपना बर्थडे भी 12 साल से अकेले ही मनाती आ रही हैं। इसके बाद से दोनों के तलाक की अफवाहें फैलने लगी थीं।

### अलग-अलग रहने की वजह अनबन नहीं- सुनीता

वायरल वीडियो में सुनीता, गोविंदा से अलग रहने की असल वजह बताती नजर आ रही हैं। वीडियो में सुनीता कह रही हैं, हम अलग-अलग रहते हैं क्योंकि जब उन्हें पॉलिटिक्स जॉइन करना था, तब मेरी बेटी जवान हो रही थी। तो पार्टी के सब कार्यकर्ता घर पर आते थे। अब घर में जवान बेटी है, हम हैं, हम शॉर्ट्स पहन के घर में घूमते हैं, तो अच्छा नहीं लगता। इसलिए हमने घर के सामने ऑफिस ले लिया था। बाकि मुझे और गोविंदा को इस दुनिया में कोई अलग नहीं कर सकता, ऐसा कोई माई का लाल है जो हमें अलग कर दे, तो सामने आ जाए।

### कपल के बीच सब ठीक है- सुनीता की मैनेजर

हाल ही में गोविंदा और उनकी वाइफ सुनीता के बीच तलाक होने की खबर काफी बढ़ गई थी। जिसके चलते गुरुवार को खुद सुनीता की मैनेजर ने कहा था कि कपल के बीच तलाक होने की खबरें सच नहीं हैं। दोनों के बीच सब कुछ ठीक है।

### 6 महीने पहले दी थी तलाक की अर्जी- वकील

इससे पहले बुधवार को गोविंदा के वकील ललित बिंदल ने भी दोनों की तलाक की खबरों को नकार दिया। उन्होंने कहा कि सुनीता ने 6 महीने पहले फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दी थी, लेकिन अब दोनों ने विवाद सुलझा लिया है।

वकील ने इंडिया टुडे से कहा- गोविंदा और सुनीता इस साल न्यू ईयर सेलिब्रेट करने नेपाल गए थे। पशुपति नाथ मंदिर में दोनों ने साथ पूजा की थी। अब उनके बीच सबकुछ ठीक है। कपल्स के बीच



ऐसी चीजें होती रहती हैं। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि 61 साल के गोविंदा का 30 साल की मराठी एक्ट्रेस के साथ अफेयर चल रहा है। इस वजह से सुनीता शादी के 37 साल बाद तलाक लेना चाहती हैं। उधर, गोविंदा ने बुधवार को इस मुद्दे पर सवाल करने पर स्पष्ट कुछ नहीं कहा। वे बोले- फिलहाल बिजनेस की बातें चल रही हैं। मैं अपनी फिल्म की शुरुआत करने के प्रोसेस में हूं।

# सुनील शेट्टी ने कारगिल युद्ध के दौरान उठाया जोखिम : बोले- अपने रिस्क पर गया था, वहां जवानों को देख कर रो पड़ा

'बॉर्डर' फिल्म में भैरव सिंह का दमदार किरदार निभाने वाले सुनील शेट्टी ने हाल ही में एक दिलचस्प खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि जब उन्हें यह फिल्म ऑफर हुई थी, तो उन्होंने पहले इसे ठुकरा दिया था। वजह यह थी कि उन्होंने कहीं सुन लिया था कि निर्देशक जेपी दत्ता बहुत गुस्से वाले इंसान हैं।

चंदा कोचर के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान सुनील ने कहा, अगर लोग मुझे हमेशा याद रखेंगे, तो वो सिर्फ 'बॉर्डर' की वजह से होगा। जब जेपी दत्ता ने मुझे फिल्म की कहानी सुनाई, तो मुझे बहुत पसंद आई, लेकिन मैंने हां नहीं कहा।

दरअसल, किसी ने मुझसे कहा था कि जेपी सर बहुत गुस्से वाले हैं, उनके साथ निभा पाना मुश्किल होगा, इसलिए मैंने मना कर दिया। लेकिन पता नहीं जेपी सर के दिमाग में क्या था, उन्होंने सीधा मेरी सास से बात की और कहा कि मुझे सुनील चाहिए।

सुनील ने यह भी याद किया कि 'बॉर्डर' के रिलीज होने के दो



साल बाद, जब 1999 में कारगिल युद्ध चल रहा था, तो वे वहां सैनिकों से मिलने पहुंचे थे। युद्ध के बीच जब मैं वहां पहुंचा, तो माहौल बहुत भारी था। गोलाबारी हो रही थी, लेकिन जवानों ने मुझसे मिलने की ख्वाहिश जताई थी। मैंने फॉर्म साइन किया कि मैं अपने रिस्क पर जा रहा हूं और फिर हमें बेस कैंप ले जाया गया, जहां ऊपर गोलाबारी चल रही थी। वहां उनकी मुलाकात एक युवा सिख सैनिक से हुई, जिसका एक हाथ युद्ध में कट चुका था।

जब सुनील वहां पहुंचे, तो वह जवान बेहोश था, लेकिन होश में आते ही उसने 'बॉर्डर' फिल्म में भैरव सिंह का नारा दोहराना शुरू कर दिया। मैं वही खड़े-खड़े रोने लगा, सुनील ने भावुक होते हुए बताया।

अब 29 साल बाद 'बॉर्डर 2' बनने जा रही है। इस बार फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ होंगे। खास बात ये है कि अब सुनील शेट्टी की जगह उनके बेटे अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आएंगे।

# आलिया ने इंस्टाग्राम से हटाईं राहा की तस्वीरें

## सोशल मीडिया पर यूजर्स ने दिया रिएक्शन, बोले- एकदम सही किया

आलिया भट्ट ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी बेटी राहा की सभी तस्वीरों को डिलीट कर दिया है, जिनमें उनका चेहरा दिखाई दे रहा था। हालांकि, आलिया ने ऐसा क्यों किया है, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि शायद उन्होंने सैफ अली खान पर हुए हमले को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया हो। दरअसल, आलिया ने अपने इंस्टाग्राम से केवल वही तस्वीरें डिलीट की हैं, जिनमें उनकी बेटी राहा का चेहरा दिखाई दे रहा था। नए साल के दिन के फोटो एलबम में राहा की एक तस्वीर है, लेकिन उसमें उसका चेहरा नहीं दिख रहा है।

### यूजर्स ने किया आलिया को सपोर्ट

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, मैं यहां उनका 100 फीसदी सपोर्ट करता हूं। एक पेरेंट्स के तौर पर सुरक्षा के लिहाज से यह कदम उठाना चाहिए।, दूसरे ने लिखा, ईमानदारी से कहूं तो यह अच्छा और सही फैसला है। मुझे उम्मीद है कि पैप्स इसे समझेंगे और परेशान नहीं करेंगे।, इसके अलावा, कई लोगों ने इस कदम की आलोचना भी की है।



### राहा की तस्वीरें मत लीजिए - नीतू कपूर

**नीतू कपूर हाल ही में करीना कपूर के छोटे बेटे जेह के जन्मदिन पर पोटी राहा के साथ पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने पैपराजी से राहा की तस्वीरें न क्लिक करने की अपील की थी। इसके अलावा, करीना कपूर ने भी पैप्स से बच्चों की तस्वीरें न लेने की गुजारिश की थी। हालांकि, कपूर खानदान पहले अपने बच्चों को मीडिया से रूबरू होने में कोई बंदिश नहीं लगाता था।**

### लाइमलाइट में रहती हैं राहा

**आलिया भट्ट की बेटी राहा अक्सर मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं। जब भी राहा की कोई तस्वीर सामने आती है, वह इंटरनेट पर वायरल हो जाती है। फैंस भी क्यूट सी नीली आंखों वाली राहा का एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं।**

आसान जिंदगी मत मांगो, क्योंकि जिंदगी कभी आसान नहीं होती। खुद को मजबूत बनाने का प्रयास करो।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# उत्तराखंड एवलांच- 50 मजदूर निकाले गए, इनमें 4 की मौत

## 5 की तलाश जारी; उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 6 राज्यों के 55 लोग फंसे थे



बढ़ता राजस्थान

**चमोली ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के चमोली एवलांच में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के दूसरे दिन शनिवार को 17 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। इससे पहले शुक्रवार को 33 लोगों को बचाया गया था। इनमें गंभीर रूप से घायल 4 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। 5 मजदूर अब भी लापता हैं। हादसा चमोली के माणा गांव के नजदीक 28 फरवरी की सुबह 7:15 बजे हुआ। मोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के 55 मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गए। रेस्क्यू में सेना के 4 हेलिकॉप्टर के अलावा आईटीबीपी, बीआरओ, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के 200 से ज्यादा जवान लगे हुए हैं।

# दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा

## प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार का फैसला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को 31 मार्च से पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, इस फैसले की जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को जल्द दी जाएगी। हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। **दिल्ली को मार्च में मिलेंगी 1 हजार इलेक्ट्रिक बसें**-दिल्ली के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा- मार्च में दिल्ली को एक हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। उन्होंने ये भी कहा कि दिल्ली का परिवहन क्षेत्र वर्तमान में 235 करोड़ रुपए के घाटे में चल रहा है।

# पीएम मोदी के वादे के बावजूद कांग्रेस की योजना बंद की

## पूर्व सीएम गहलोत बोले- फ्री स्मार्टफोन योजना बंद नहीं होती तो जीडीपी बढ़ती



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कांग्रेस राज की फ्री स्मार्टफोन योजना बंद करने पर बीजेपी सरकार पर तंज कसा है। गहलोत ने दावा किया है कि अगर फ्री स्मार्टफोन योजना बंद नहीं करते तो इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़ती। प्रदेश की जीडीपी बढ़ती।

**गहलोत ने ट्वीटर पर लिखा**-बार-बार मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अपने सवा साल में 88,000 टैबलेट बांटने का उदाहरण देते हैं। शायद उन्हें जानकारी में नहीं आया कि टैबलेट वितरण की घोषणा हमारी सरकार ने आखिरी साल में की थी। इसे नई सरकार ने लागू किया पर, वो ये छिपाते हैं कि महिलाओं को स्मार्टफोन देने की योजना को उन्होंने बंद कर दिया।

# कर्नाटक में सभी उत्पादों पर कन्नड़ लिखना जरूरी, सर्कुलर जारी

## सरकारी-प्राइवेट दोनों विभागों में लागू होगा; सरकार बोली- अपने नागरिकों को बेहतर मौके देंगे

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** कर्नाटक सरकार ने सरकारी ऑफिस, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट और बिजनेस में कन्नड़ भाषा को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। इस कदम का मकसद प्रशासन, शिक्षा और बिजनेस में कन्नड़ भाषा को बढ़ावा देना है। सरकार ने इस संबंध में 15 फरवरी 2025 को सर्कुलर जारी किया था। सरकार के मुताबिक यह फैसला कन्नड़ लैंग्वेज कॉम्प्रीहेंसिव डेवलपमेंट एक्ट के तहत लिया गया है। ये 2022 में लागू किया गया था, जो 12 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। इसका उद्देश्य कन्नड़ भाषा का व्यापक विकास और स्थानीय लोगों को बेहतर अवसर देना है।

**नियम न मानने पर होगी सख्त कार्रवाई**-सरकार ने साफ किया है कि अगर कोई इंस्टीट्यूट या व्यक्ति इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को इस नियम के सख्ती से पालन की निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं। कर्नाटक में लंबे समय से कन्नड़ भाषा के संरक्षण और प्रचार को लेकर आंदोलन होते रहे हैं। हाल ही में बेंगलुरु में दुकानों पर गैर-कन्नड़ नेम प्लेट को लेकर प्रदर्शन हुए थे।

# लुटियन जमात, खान मार्केट गैंग से हैरान हूं : मोदी

## शादी में 10 से ज्यादा लोग नाचें तो दूल्हे समेत गिरफ्तारी; ऐसे कानून हमने हटाए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अंग्रेजों के बनाए एक कानून पर दिल्ली के पॉश इलाके में रहने वाले लोग क्यों खामोश रहे। अंग्रेजों का बनाया ये कानून हमारी सरकार ने हटाया। पीएम ने ये बातें एनएक्टी के एक कार्यक्रम में कहीं। मोदी ने कहा कि एक कानून था- ड्रामेटिक परफॉर्मेंस एक्ट। ये कानून अंग्रेजों ने 150 साल पहले बनाया था। अंग्रेज चाहते थे कि थिएटर और ड्रामे का इस्तेमाल उनके खिलाफ न हो। इस कानून में प्रावधान था कि सार्वजनिक जगह पर 10 लोग डांस करते मिल जाएं तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। देश के आजाद होने के 75 साल तक यह कानून चलता रहा। यानी शादी के दौरान 10 लोग डांस कर रहे हों, तो पुलिस उन्हें अरेस्ट कर सकती थी। ये कानून हमारी सरकार ने हटाया। 70 साल तक हमने कानून झेला। मुझे उस समय की सरकारों के बारे में कुछ नहीं कहना, लेकिन मुझे लुटियंस जमात और खान मार्केट गैंग पर आश्चर्य होता है। ये लोग 75 साल तक ऐसे कानून पर चुप क्यों थे। ये लोग जो आए दिन कोर्ट जाते रहते हैं, पीआईएल (जनहित याचिका) के ठेकेदार बने फिरते हैं, वे क्यों चुप थे? तब इन्हें लोगों की स्वतंत्रता का ध्यान नहीं रहता था।





### पीएम के संबोधन की 5 बातें...

**1. पहले बांस काटने पर जेल में डाल देते थे**

पहले बांस काटने पर जेल हो जाती थी। हमारे देश में ऐसा कानून था, जिसमें बांस को पेड़ माना जाता था। पहले की सरकारें ये समझने में नाकाम रहीं कि बांस, पेड़ नहीं होता। हमारी सरकार ने इस कानून को खत्म किया।

**2. प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न, दुनिया दंग रह गई**

26 फरवरी को प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न हुआ। दुनिया हैरान है कि आखिर करोड़ों लोग एक अस्थायी शहर में सिर्फ पवित्र स्नान के लिए कैसे आ सकते हैं? भारत के आयोजन और नवाचार कौशल को पूरी दुनिया देख रही है और इसे विस्तार से जानना चाहती है।

**3. एआई और जी20 समिट में भारत का दबदबा**

पीएम मोदी ने अपनी हालिया फ्रांस यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि भारत अब दुनिया के बड़े समिट्स की अगुआई कर रहा है। मुझे फ्रांस में एआई समिट में शामिल होने का मौका मिला। भारत इस समिट का को-होस्ट था। अब जल्द ही भारत इसे आयोजित करेगा। भारत ने जी20 की अध्यक्षता करते हुए इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का खाका पेश किया। साथ ही अफ्रीकन यूनियन को जी20 का सदस्य बनाकर ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की।

**4. भारत दुनिया का 7वां सबसे बड़ा कॉफी एक्सपोर्टर बना**

भारत दुनिया का 7वां सबसे बड़ा कॉफी का एक्सपोर्टर बन गया है। दशकों तक दुनिया भारत को अपना बैक ऑफिस करती है, लेकिन आज भारत न्यू फैक्ट्री ऑफ द वर्ल्ड बन रहा है। भारत सिर्फ वर्कफोर्स नहीं, वर्ल्ड फोर्स है।

**5. एआई से हेल्थ, एजुकेशन और एग्रीकल्चर में होगा बदलाव**

पीएम मोदी ने कहा कि एआई आने वाले समय में करोड़ों लोगों की जिंदगी बदल सकता है। एआई के जरिए हेल्थ, एजुकेशन और एग्रीकल्चर में जबर्दस्त सुधार लाया जा सकता है।

# मणिपुर में 21 महीने बाद हालात सामान्य होने के आसार

## शाह बोले- 8 मार्च से लोग कहीं भी आ-जा सकेंगे; 10 दिन में 300 हथियार सरेंडर



बढ़ता राजस्थान

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में 21 महीनों बाद हालात सामान्य होने के आसार हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राज्य के हालात पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सड़कें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है।

वहीं, अलग-अलग समुदायों ने 20 फरवरी से अब-तक 300 से ज्यादा हथियार सरेंडर किए हैं। राज्यपाल ने 20 फरवरी को अनुरोध किया था कि हिंसा में लूटे गए हथियार सरेंडर कर दें। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। हथियार सरेंडर करने की समय सीमा एक हफ्ते और बढ़ी मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने उग्रवादियों से हथियार सरेंडर करने की समय सीमा 6 मार्च शाम 4 बजे तक बढ़ा दी।

हिंसा के दौरान लूटे गए 87 तरह के हथियार, गोला-बारूद और अलग-अलग सामान लोग स्वेच्छा से सरेंडर कर रहे हैं। इंफाल ईस्ट, बिश्नुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम, चुराचांदपुर और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियार सरेंडर किए गए हैं। इनमें मैतेई ग्रुप अरम्बाई टेंगोल के सरेंडर किए गए 246 हथियार शामिल हैं।

# डोटासरा बोले- 100% मर्यादित था, हूं और रहूंगा

## एक भी असंसदीय शब्द साबित करें, अगर ऐसा होता तो चौथी बार विधायक नहीं बनता

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शनिवार को असंसदीय भाषा के आरोपों को खारिज किया। डोटासरा ने कहा- मैं 100 परसेंट मर्यादित था, हूं और रहूंगा। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा। मेरा एक भी असंसदीय शब्द ऑडियो-वीडियो में दिखा दें। अगर ऐसा होता तो न चौथी बार विधायक बनता, न बेस्ट एमएलए का अवॉर्ड मिलता। जोधपुर सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में डोटासरा ने कहा- संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को यह कहने का अधिकार नहीं कि कोई एमएलए बनने लायक नहीं है। हमें संविधान और जनता ने अधिकार दिया है। उन्हें सदन चलाना ही नहीं था, इसलिए गलत आरोप लगा रहे हैं। मैं आरएसएस और उनकी विचारधारा के खिलाफ हूं। इनकी तीन नीतियां हैं- झूठ बोलो और बार-बार बोलो, हिंदू-मुस्लिम में बांटो, और खुद चुनाव न लड़कर बीजेपी की सत्ता में मनमानी करो।

# झुंझुनूं और तिजारा में ओले गिरे, सफेद चादर बिछी

## मार्च में भी कई जिलों में कोहरा छाया, हीटवेव की भी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** फरवरी के आखिरी सप्ताह में फिर से लौटी सर्दी का असर मार्च के पहले दिन भी देखने को मिला है। झुंझुनूं के खेतड़ी और तिजारा जिले के कई इलाकों में शनिवार (1 मार्च) सुबह हुई ओलावृष्टि से खेतों में सफेद चादर बिछ गई। वहीं, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर के कई इलाकों में ठंडी हवा और कोहरे का भी असर आज देखने को मिला है।

एक दिन पहले शेखावाटी के इलाकों में हुई बारिश-ओलावृष्टि के कारण यहां के तापमान में भी दो-तीन डिग्री गिरावट हुई है। ओलावृष्टि-बारिश के कारण श्रीगंगानगर, चूरू, कोटपूतली-बहरोड़, बीकानेर, अलवर जैसे इलाकों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

मौसम केंद्र जयपुर ने शनिवार (1 मार्च) को भी जयपुर, भरतपुर संभाग के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। वहीं, राजस्थान में इस बार मार्च में ही गर्मी के तेवर तेज देखने को मिल सकते हैं। इस महीने हीटवेव की भी चेतावनी है। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक गर्मी का पूर्वानुमान जारी किया है।



**गर्मी का पारा इस साल ज्यादा चढ़ेगा**

अप्रैल-मई में गर्मी और ज्यादा तेज होने और औसत से ज्यादा तापमान रहने के साथ-साथ हीटवेव की दिन भी बढ़ने की आशंका जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र नई दिल्ली से जारी तीन माह के पूर्वानुमान के मुताबिक इस सीजन मार्च, अप्रैल और मई में राजस्थान के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित 16 राज्यों में के कुछ हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान औसत से ज्यादा रहने यानी गर्मी तेज पड़ने का अनुमान जताया है।

**बारिश भी कम होगी**

मौसम विज्ञान केन्द्र ने मार्च के महीने में राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से होने वाली बारिश भी इस बार औसत से बहुत कम होने का अनुमान जताया है। राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत के राज्यों (असम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम ) में भी बारिश कम होने का पूर्वानुमान जारी किया है।

**चूरू, बीकानेर समेत कई शहरों में बारिश-ओले गिरे**

राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान कई शहरों में बादल छाने के साथ बारिश हुई। बीकानेर, चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़ में तूफानी बारिश के साथ ओले गिरे। ओले-बारिश से यहां रबी की फसलों को नुकसान हुआ। वहीं, बारिश होने और तेज हवा चलने के बाद दिन के तापमान में भी गिरावट हुई। मौसम विभाग से जारी रिपोर्ट के मुताबिक हनुमानगढ़ में 2 .5एमएम, गंगानगर में 0 .3, बीकानेर में 3 .2 और चूरू, जैसलमेर के एरिया में कई जगह बारिश हुई। जयपुर, अजमेर, जोधपुर, नागौर, सीकर समेत कई जिलों में आसमान में कल दिनभर बादल भी छाए रहे। हल्की बारिश की संभावना-मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आज भी राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com